अगहन मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 315 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज  मंगलवार 30 नवम्बर 2021  विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योग: साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दु:खों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।



क्रियायोग हं क्षं परमात्म अनुभूति का सर्वोच्च मार्ग

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

# लौटा लिए गए तीनों कृषि कानून

**नई दिल्ली।** तीनों विवादास्पद कृषि कानूनों को निरस्त करने वाले विधेयक को सरकार ने संसद के दोनों सदनों से पास करवा लिया है. विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने एक बार फिर संसदीय मयार्दा के खिलाफ काम किया है.तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा पर अमल करते हुए केंद्र सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन इन कानूनों को वापस ले लिया।

तीनों कानूनों को कृषि विधि निरसन विधेयक, 2021 के जरिए निरस्त कराया जाना है. सरकार ने एक ही दिन में विधेयक को संसद के दोनों सदनों से पारित करवा लिया. लोक सभा में तो विधेयक बिना किसी चर्चा के मिनटों में पास हो गया. राज्य सभा में छोटी सी चर्च हुइ। लेकिन विपक्ष के सांसदों ने विस्तृत चर्चा ना कराने का विरोध किया और सरकार पर संसदीय परंपरा ना निभाने का आरोप लगाया. सवाल लोकतंत्र का तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओब्रायन ने एक ट्वीट में कहा कि सरकार अब



खुले तौर पर लोकतंत्र की अवमानना कर रही है. पूर्व राजनयिक के सी सिंह ने भी ट्विटर पर लिखा कि संसद को ₹रबड़ की मुहर₹ में बदल दिया गया है. सितंबर 2020 में जब सरकार ने तीनों कानूनों को संसद से पारित करवाया था तब भी सरकार पर ऐसे ही आरोप लगे थे. कानूनों को सबसे पहले जून 2020 में कोविड-19 महामारी के मद्देनजर पूरे देश में लगी तालाबंदी के बीच अध्यादेशों की शक्ल में लाया गया था. किसानों ने तुरंत अध्यादेशों का विरोध शुरू कर दिया था।

सितंबर आते आते तक तो इस विरोध ने व्यापक रूप ले लिया था और विपक्षी पार्टियां भी किसानों की मांगों का समर्थन करने लगी थीं।

यहां तक कि इनके विरोध में अकाली दल ने एनडीए से अपना दशकों पुराना गठबंधन तोड़ लिया था. लेकिन सरकार फिर भी पीछे नहीं हटी. सितंबर में अध्यादेशों को बाकायदा कानूनी जामा पहनाने के लिए उन्हें संसद के मॉनसून सत्र में विधेयक के रूप में लाया गया. उसके बाद भी विपक्ष ने मांग की कि इन्हें संसदीय समिति के पास भेज दिया जाए ताकि इनका बेहतर निरीक्षण हो सके. दरकिनार होता विपक्ष लेकिन सरकार ने इस मांग को भी स्वीकार नहीं किया और बिल किसी समिति को नहीं भेजे गए. फिर दोनों सदनों में बिलों को पारित करने के समय विपक्ष ने डिवीजन यानि बटन दबा कर मत डालने की मांग की लेकिन बिलों को दोनों सदनों में ध्वनि मत से पारित करा लिया गया. कृषि कानूनों को निरस्त करने के लिए लाए गए विधेयक पर जब विपक्ष ने चर्चा की मांग की तो सरकार ने कहा कि ऐसी कोई परंपरा नहीं है. लेकिन राज्य सभा में कांग्रेस पार्टी के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने पत्रकारों को बताया कि किसी कानून को निरस्त कराने वाले विधेयक पर भी बीत दशकों में कम से कम 17 बार चर्चा हो चुकी है. इस बीच सत्र के पहले दिन ही राज्य सभा से विपक्ष के 12 सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित भी कर दिया गया. मॉनसून सत्र के दौरान पेगासस जासूसी विवाद पर सदन में सरकार और विपक्ष के सांसदों के बीच झड़प हो गई थी. विपक्ष के इन सांसदों को उसी दौरान किए गए उनके व्यवहार के लिए निलंबित किया गया है. निलंबन का प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी लेकर आए और उसे ध्वनि मत से पारित करा लिया गया. इन सांसदों में कांग्रेस के छह, तृणमूल कांग्रेस के दो, शिव सेना के दो, सीपीआई का एक और सीपीएम का एक सांसद शामिल हैं।

## चुनावी डर से वापस लिए कृषि कानून, अब सीएए को भी रद्द करे मोदी सरकार, ओवैसी की मांग

**नईदिल्ली।** शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार ने तीनों कृषि कानून को वापस ले लिया। कृषि कानून निरसन विधेयक 2021 संसद के दोनों सदनों से पास हो चुका है। अब एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सरकार को घेरने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि चुनाव के डर से सरकार ने कृषि कानूनों को वापस लिया। ऐसे में सरकार को सीएए भी रद्द कर देना चाहिए। संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा से तीनों कृषि कानूनों की वापसी के साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी ने किसानों से किया अपना वादा पूरा कर लिया है। अब राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हस्ताक्षर के बाद तीनों कानून पूर्ण रूप से वापस हो जाएंगे। कृषि कानूनों की वापसी को सही फैसला बताते हुए एआईएम आईएम सासंद असदुद्दीन ओवैसी ने इसके पीछे चुनावी डर बताया है।

## एमएसपी की मांग के बीच बोले कृषि मंत्री- हमारे कार्यकाल में हुई दोगुनी, कई फसलों पर की लागू

**नई दिल्ली।** कृषि कानून को संसद से वापस लेते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों से किया अपना वादा पूरा कर लिया। लेकिन किसान अभी भी एमएसपी समेत कई मांगों को लेकर अड़े हैं। सोमवार को संसद की कार्यवाही के बाद मीडिया से बात करते हुए कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि 2014 के बाद से एमएसपी की खरीद को दोगुना कर दिया गया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में कई फसलों पर ये दाम लागू किए गए हैं। सोमवार को संसद की कार्यवाही के दौरान लोकसभा में कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कृषि कानून निरसन विधेयक 2021 सदन के पटल पर रखा। लोकसभा से पास होने के बाद निरसन विधेयक राज्यसभा से भी पास हो गया है। बस अब राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के



हस्ताक्षर के बाद कृषि कानून वापस हो जाएगा। इस तरह किसानों की पिछले डेढ़ साल से चल रही मांग कृषि कानूनों की वापसी पूरी हो गई है। लेकिन अभी भी सिंघु बॉर्डर समेत कई इलाकों में किसानों का आंदोलन खत्म नहीं हुआ है। सरकार के आह्वान के बाद अब किसान एमएसपी पर कानून की मांग कर रहे हैं। सोमवार को कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने मीडिया से बातचीत के दौरान एमएसपी पर सरकार का पक्ष रखने की कोशिश की। उन्होंने कहा, ₹वर्ष 2014 के बाद एमएसपी की खरीद को दोगुना कर दिया गया है। पहले एमएसपी पर केवल धान और गेहूं की फसल खरीदी जाती थी। पीएम मोदी के नेतृत्व में दलहन (दाल), तिलहन (तिलहन) और कपास पर भी एमएसपी की खरीद शुरू हुई है।

## गुरुग्राम में ओमिक्रोन से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**गुरुग्राम।** दक्षिण अफ्रीका में मिले कोरोना वायरस के नए ओमिक्रॉन वैरिएंट इ.1.1.1.529 ने दुनियाभर में एक बार फिर खतरे की घंटी बजा दी है। इससे भारत सरकार एक बार फिर सतर्क हो गई है और राज्य सरकारों को भी एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए हैं। विदेश में बढ़ते इस नए वैरिएंट को देखते हुए गुरुग्राम जिला स्वास्थ्य विभाग ने भी एडवाइजरी जारी कर दी है। अब हाई रिस्क देशों से यात्रा करके आने वाले यात्रियों को होम आइसोलेशन में रहना होगा। वहीं डॉक्टरों ने बच्चों और बुजुर्गों को घरों में ही रहने की हिदायत दी है। हरियाणा सरकार ने हाई रिस्क देशों को दो श्रेणियों में बांटा है। इनमें हाई रिस्क और ए श्रेणी के देश शामिल हैं। प्रदेश सरकार की नई गाइडलाइन के अनुसार यूके, फ्रांस, जर्मनी, नेपाल, बेलारूस, लेबानन, आर्मेनिया, यूक्रेन, बेलजियम, हंगरी, सर्बिया देशों से यात्रा करके यदि कोई भारत लौटता है और उसे वैक्सीन की दोनों डोज लगी हुई हैं, तो उन्हें यहां लौटने पर 14 दिन घर पर सेल्फ आइसोलेशन में रहना होगा। वहीं, इन देशों से लौटने वाले किसी यात्री को यदि वैक्सीन की दोनों डोज नहीं लगी हैं, या किसी अन्य देश से यात्री आता है तो उसे भारत लौटने पर सबसे पहले कोविड-19 टेस्ट कराना होगा। वहीं, सात दिनों तक होम आइसोलेशन में रहना होगा। आठवें दिन किए गए टेस्ट की रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद भी उस व्यक्ति को सात दिन तक सेल्फ मॉनिटरिंग में रहना होगा। सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल के सीनियर फिजिशियन डॉ. नवीन कुमार ने कहा कि संक्रमण से बचाव के लिए बच्चों और बुजुर्गों को जयादा एहतियात बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस आयु वर्ग के लोग घर से बाहर कम निकलें तो उनके लिए बेहतर है। उन्होंने बताया कि दोनों आयु वर्गों को रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत करने वाले पदार्थ ज्यादा लेने चाहिए।

# बंगाल से बाहर निकलेगी टीएमसी, पार्टी की नीतियों में अहम बदलाव करेंगी ममता

**कोलकाता।** भाजपा शासित राज्यों में चुनाव लड़ने की अपनी ाोजना को आगे बढ़ाते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने सोमवार को अपनी पार्टी के संविधान में संशोधन करने का फैसला किया ताकि अन्य राज्यों के नेताओं को संचालन समिति में शामिल किया जा सके, जिसकी अभी तक वो प्रमुख रही हैं। यह निर्णय ममता बनर्जी के दक्षिण कोलकाता स्थित आवास पर आयोजित संचालन समिति की बैठक में लिया गया। जहां उन्होंने कांग्रेस के साथ संबंध तोड़ने के बाद 1998 में टीएमसी के गठन की घोषणा की थी। तब से पार्टी के नेताओं ने सभी महत्वपूर्ण निर्णय लेने वाली ममता बनर्जी के साथ टीएमसी को आगे बढ़ाया है।



सोमवार की बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री और मार्च में टीएमसी में शामिल हुए यशवंत सिन्हा, जनता दल (यूनाइटेड) के पूर्व राज्यसभा सदस्य पवन वर्मा, हरियाणा के पूर्व कांग्रेस सांसद अशोक तंवर, मेघालय के पूर्व मुख्यमंत्री मुकुल संगमा ने भाग लिया। 24 नवंबर को 11 कांग्रेस विधायकों और टीएमसी के शीर्ष नेताओं के साथ पूर्व टेनिस स्टार लिएंडर पेस टीएमसी में शामिल हुए थे। बैठक के बाद राज्यसभा में टीएमसी के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा, ₹अभी टीएमसी संचालन समिति के सभी सदस्य पश्चिम बंगाल से हैं। चूंकि हमारी पार्टी अब अन्य राज्यों में विस्तार कर रही है, इसलिए नेतृत्व ने आज संविधान में संशोधन करने का फैसला किया ताकि सभी क्षेत्रों के नेताओं को संचालन समिति में शामिल किया जा सके₹। ओ ब्रायन ने आगे कहा, ₹संविधान कैसे और कब संशोधित किया जाएगा, यह ममता बनर्जी को तय करना है। संचालन समिति की अगली बैठक दिल्ली में होगी। ये परिवर्तन आवश्यक हैं क्योंकि टीएमसी राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार कर रही है। यह पहली बार है जब उत्तर-पूर्व और हिंदी पट्टी के नेताओं को टीएमसी की संचालन समिति में जगह मिलने की संभावना है जो सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। पार्टी नेताओं ने कहा कि ममता बनर्जी के चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर इन मुद्दों पर पार्टी को सलाह दे रहे हैं। किशोर पिछले छह महीने से क्षेत्रीय नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं।

नाम न जाहिर करने की शर्त पर तृणमूल कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि मुकुल संगमा को मेघालय और कम से कम एक और पूर्वोत्तर राज्य में पार्टी का प्रभारी बनाए जाने की संभावना है, जबकि असम से लोकसभा सदस्य सुष्मिता देव ने कांग्रेस छोड़ दी है। वो अगस्त में टीएमसी में शामिल हुई थी, उन्हें त्रिपुरा और असम में टीएमसी इकाइयों का नेतृत्व करने के लिए कहा जा सकता है। टीएमसी ने पहले ही त्रिपुरा में एक अलग संचालन समिति का गठन किया है।


वहीं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को पार्टी में विस्तार योजना के पीछे प्रेरक शक्ति के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने अक्टूबर में घोषणा की थी कि टीएमसी एक साल के भीतर 15 राज्यों में कामकाजी इकाइयां स्थापित करेगी। उन्होंने त्रिपुरा नगर निकाय चुनाव के प्रचार अभियान का भी नेतृत्व किया, जिसके नतीजे रविवार को घोषित किए गए। टीएमसी जो छह महीने से भी कम समय पहले त्रिपुरा में एंट्री पाई। कुल वोट शेयर मामले में सीपीआई माले को पछाड़कर दूसरे स्थान पर रही है। हालांकि सिर्फ एक ही सीट जीत सकी। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हालांकि सोमवार की बैठक के बाद मीडिया से नहीं मिलीं। नाम न जाहिर करने की शर्त पर तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि राज्य कार्यसमिति की अगली बैठक के दौरान बंगाल में भी संगठन में बदलाव किया जाएगा।

## इतिहास में हुआ पहली बार... जब राज्यसभा के सबसे ज्यादा 12 सदस्य किए गए निलंबित



**नई दिल्ली।** राज्यसभा के अगस्त में हुए मॉनसून सत्र के दौरान 'अशोभनीय आचरण' के लिए 12 सदस्यों को सोमवार को वर्तमान शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित करना उच्च सदन के इतिहास में ऐसी सबसे बड़ी कार्रवाई है। उपसभापति हरिवंश की अनुमति से संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इस सिलसिले में एक प्रस्ताव रखा, जिसे विपक्षी दलों के हंगामे के बीच सदन ने मंजूरी दे दी। जिन सदस्यों को निलंबित किया गया है, उनमें मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के इलामारम करीम, कांग्रेस की फूलों देवी नेताम, छाया वर्मा, रिपुन बोरा, राजमणि पटेल, सैयद नासिर हुसैन, अखिलेश प्रताप सिंह, तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन और शांता छेत्री, शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी और अनिल देसाई तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के विनय विस्वम शामिल हैं। संसदीय रिकॉर्ड की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि यह राज्यसभा से सबसे बड़ी संख्या में सदस्यों का निलंबन है।

## राज्यसभा की कार्यवाही से नाखुश सपा सांसद जया बच्चन, बोलीं- ऐसा माहौल कभी नहीं देखा



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी (रढ) की राज्यसभा सांसद जया बच्चन ने सोमवार को बिना चर्चा के उच्च सदन में कृषि कूनन की वापसी वाले विधेयक को पारित करने को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। जया बच्चन ने कहा कि उन्होंने संसद में ऐसा माहौल कभी नहीं देखा, जहां विपक्ष को भी बोलने की अनुमति नहीं दी गई। न्यूज एजेंसी से बात करते हुए जया बच्चन ने कहा कि मेरा प्वाइंट ये है कि इतना महत्वपूर्ण बिल राज्यसभा में बिना किसी चर्चा के पारित हो गया। मुझे समझ नहीं आ रहा है कि संसद में कार्यवाही कैसे चल चल रही है। उन्होंने आगे कहा 'मैं कई सालों से सांसद हूं, लेकिन यह पहली बार है जब मैं ऐसा माहौल देख रही हूं, जहां विपक्ष के नेता, जो कि बोल रहे थे को केंद्रीय मंत्री की ओर से बीच में रोका गया और उन्हें मौका भी नहीं दिया गया। हंगामे के बीच बिल पास हो गया, यह क्या है?'

जया बच्चन ने संसद की सुरक्षा करने के लिए एक विशेष विधेयक की मांग की। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी पार्टियां हैं, उन्हें बोलने का मौका नहीं मिलता है। किसानों को होने वाले नुकसान, विरोध में जान गंवाने वाले, महंगाई जैसे मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए थी। उन्होंने कहा किसानों ने आंदोलन के दौरान काम नहीं किया और इससे फसलों के उत्पादन पर असर पड़ा। सरकार क्या कर रही है? आप क्या खाएंगे? पानी भी दूषित है, हवा भी दूषित है।

संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन राज्यसभा ने सोमवार को तीन विवादित कृषि कानूनों को निरस्त करने वाले विधेयक को बिना चर्चा के मंजूरी प्रदान कर दी। इससे पहले इस निरसन विधेयक को लोकसभा में बिना चर्चा के पारित किया गया। विपक्षी दलों ने इस विधेयक पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया लेकिन इसे नजरअंदाज करते हुए विधेयक को पहले लोकसभा ओर फिर उसके बाद राज्यसभा में पारित कर दिया गया।

## सफाई कर्मचारी के परिवार को सीएम केजरीवाल ने दिए 1 करोड़ रुपये, कोरोना के दौरान ड्यूटी में हुई थी मौत

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कोरोना वायरस से जान गंवाने वाली ईएमसीडी की महिला सफाई कर्मचारी सुनीता के परिवार से मुलाकात कर उन्हें एक करोड़ रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा। इस दौरान उन्होंने परिवार के सदस्यों को बातचीत कर ढांढस भी बंधाया और पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि मैं आज सुनीता के परिवार से मिला और उन्हें 1 करोड़ का चेक दिया है। पीड़ित परिवार को कोई दिक्कत ना हो इसके लिए मृतका के परिवार को भविष्य में भी हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। सुनीता पूर्वी दिल्ली नगर निगम में एक सफाई कर्मचारी थीं और कोरोना ड्यूटी के दौरान संक्रमित होने से उनकी मौत हो गई थी। केजरीवाल ने कहा कि कि सुनीता एक मेहनती और कर्मठ कर्मचारी थी।



उन्होंने अपनी अंतिम सांस तक दिल्ली के लोगों की सेवा की। हम उनकी कमी को पूरा तो नहीं कर सकते, लेकिन मुझे उम्मीद है कि इस आर्थिक मदद से उनके परिवार को थोड़ी मदद मिलेगी।

दिल्ली सरकार ने अभी तक दो सफाई कर्मचारियों को एक-एक करोड़ की राशि दी। पूरे देश में केवल दिल्ली सरकार ने ऐसा किया है। हम दिल से अपने सफाई कर्मचारियों की मेहनत और शहर को स्वच्छ रखने में उनके योगदान के लिए आभारी हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि हमें ऐसे सभी कोरोना वॉरियर्स पर गर्व है जो दिल्ली की जनता की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने से भी पीछे नहीं हट रहे हैं। गौरतलब है कि दिल्ली सरकार की नीति के अनुसार, कोविड-19 की चपेट में आकर जान गंवाने वाले दिल्ली के सभी कोरोना वॉरियर्स के परिवारों को सरकार की ओर से 1 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी जाती है।

### खबर संक्षेप

#### समाजसेवा का सौभाग्य नसीब वालों को मिलता हैं: धीतेश

**जसरा।** कोरोना महामारी के अंतराल से लेकर अद्यतन समाज सेवा के साथ विभिन्न सामाजिक विषयों पर जन जागरूकता से लेकर आर्थिक सहयोग व अनेकों उपयोगी वस्तुओं को बेटियों एवम महिलाओ के मध्य सेवा प्रदान कर रहें युवा समाजसेवी ग्राम प्रधान चनैनी धीतेश तिवारी इन दिनों सामाजिक कार्यो को लेकर काफी चर्चा मे हैं। ग्राम सभा से लेकर समाज मे भी काफी सक्रिय हैं। विगत 14नवंबर को वृक्षारोपण, पौध भेंट, गरीब महिलाओ को खाद्यान, बेटियों को कापी, पेन आदि भेंट कर-के अन्य ग्राम प्रधानो मे भी चर्चा मे आये। इस दौरान मिडिया से बात करते हुए श्री तिवारी बोले कि समाज सेवा एवम गरीबों के दर्द पर मरहम लगाने का सौभाग्य बहुत ही कम लोगों को प्राप्त होता हैं। इस अवसर पर श्री तिवारी यह भी बोले कि आगामी दो दिसम्बर को प्राथमिक विद्यालय चनैनी के प्रांगण मे 10बेटियों को लैपटाप,101छात्राओं को कापी बैग के साथ 03महिलाओ को सोलर समेत 05सार्वजनिक स्थानों पर सोलर लगाने के लिए भेंट किया जाएगा।उक्त अवसर पर विभिन्न सामाजिक कुरुतियों के खात्मे हेतु शपथ समारोह के साथ जन जागरूकता अभियान भी आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवम प्रबंधक सम्मिलित होगें।

# शादी से लौट रहे 5 लोगों को अज्ञात वाहन ने कुचला, दर्दनाक मौत

**नवाबगंज थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित पटना उपरहार गांव के सामने हुआ हादसा, पिता और दो पुत्र के साथ एक पोता समेत प्लैटिना बाइक पर सवार थे पांच लोग**

**घटना की सूचना पर पहुंची नवाबगंज पुलिस ने शव की शिनाख्त करते हुए आनन-फानन पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया**

**प्रतापगढ़ जनपद की सीमा स्थित थाना हथिगवां के गडरियान का पुरवा गांव में रिश्तेदार की शादी से देर रात घर लौट रहे थे बाइक सवार**

अखंड भारत संदेश

**लालगोपालगंज।** एक बाइक पर पांच लोग सवार होकर शादी समारोह से घर वापस लौट रहे थे। तभी नेशनल हाईवे पर पीछे से आ रही एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचल ते हुए प्रयागराज की तरफ रफूचक्कर हो गया। घटना से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना नवाबगंज पुलिस को दी गई। बाइक को कब्जे में लेते हुए पुलिस ने शवों की शिनाख्त करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्रयागराज-प्रतापगढ़ जनपद की सीमा पर थाना हथिगवां के गडरियन का पूरा गांव में रविवार को संतलाल पाल के बेटे की तिलक और बिटिया का विवाह था। जानकारी के अनुसार मृतक राम चंद्र पाल कि उसी परिवार में ससुराल है। जिसमें सम्मिलित होकर नवाबगंज थाना के बुदौना गांव के रहने वाले रामशरण पाल 60 वर्ष पुत्र स्वर्गीय महारानीदीन, लल्लू पाल 36 वर्ष पुत्र राम शरण पाल, समय लाल पाल 38 वर्ष पुत्र रामशरण पाल, राम चंद्र पाल 53 वर्ष पुत्र दुखीराम और लल्लू पाल का 11 वर्षीय बेटा एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर शादी समारोह से घर लौट रहे थे। बाइक सवार नेशनल हाईवे स्थित शिवगंगा ढाबा के समीप रात लगभग 12 बजे पहुंचे ही थे, कि पीछे से आ रही एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे पांचों बाइक सवार सड़क पर गिर गए। पांचों को रौंदते हुए ट्रक चालक प्रयागराज की तरफ भाग निकला। हालांकि दुर्घटनाग्रस्त वाहन की तफ्तीश में पुलिस जुटी है। घटना के इर्द-गिर्द मौजूद लोगों ने सड़क हादसे में मौत के घाट उतरे लोगों की सूचना दी। मौके पर पहुंची नवाबगंज पुलिस ने शवों की शिनाख्त करते हुए अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिसके बाद मौत की सूचना परिजनों को दी।




नवाबगंज के बुदौना गांव में पीड़ित परिवार के घर के बाहर जुटी भीड़।

#### पांच लोगों की मौत से उधना गांव में छाया मातम

**लालगोपालगंज।** दर्दनाक हादसा की सूचना गांव में जंगल में आग की तरह फैल गई। रातों रात मृतक परिवार के घर के बाहर लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक के परिवार दहाड़े मारकर रोते रहे। सुबह आसपास गांव के लोगों को जब 5 लोगों के मौत की सूचना मिली। तो मजमा लग गया। परिवार को रोता बिलखता देख हर किसी की पलकें भी गईं।

#### सड़क दुर्घटना में मौत का दोहरा दंश झेल रही सुनीता देवी

**लालगोपालगंज।** सड़क दुर्घटना में मौत को गले लगाने वाले 5 लोगों में सुनीता देवी का पति लल्लू पाल ने अपनी जान गवां दिया। तो वहीं दूसरी ओर 11 वर्षीय बेटा अर्जुन भी हमेशा की नींद सो गया। पत्नी सुनीता देवी एक तरफ पति के साथ छोड़ने की दहाड़े मार-मार कर दोहाई दे रही है। तो वहीं दूसरी ओर 11 वर्ष का लाल अर्जुन भी मां को अकेला छोड़ गया। समय लाल की पत्नी नीलम भी बिलखती रही। पीड़ित परिवार को गांव के लोग लगातार सांत्वना और तसल्ली दिलाते रहे।

# महंत बलबीर गिरि ने सुजावन देव की विधि विधान से किया अभिषेक

**सुजावन देव की प्राकृतिक छटा देख हुए भाव विभोर, कहा होना चाहिए कायाकल्प**

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** प्रयागराज के त्रिवेणी तट स्थित लेटे श्री बड़े हनुमानजी मंदिर व बाघम्बरी गद्दी के महंत बलबीर गिरी ने सोमवार के दिन घूरपुर के देवरिया भीटा के यमुना के मध्य स्थित सुजावन देव मंदिर पहुंच सुजावन देव का वेदमंत्रों के साथ अभिषेक किया । इस बीच क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य लोग व सुजावन देव मंदिर के पुजारी मंडल के लोग मौजूद रहे। सोमवार के दिन लेटे श्री बड़े हनुमान मंदिर के महंत बलबीर गिरि अपने साधु भक्तों के साथ घूरपुर के देवरिया स्थित सुजावन देव मंदिर पहुंचे । सबसे पहले महंत बलबीर गिरि ने सुजावन देव की वैदिक मंत्रों के उच्चारण के बीच विधि विधान से अभिषेक करते हुए पूजन अर्चन किया । पूजन के बाद यमुना के मध्य स्थित टीले पर विराजित सुजावन देव की छटा देख भाव विभोर हो गए इस बीच उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने अध्यात्म समय में देश देशांतर में कई मंदिर देखे लेकिन इस मंदिर की प्राकृतिक छटा किसी मंदिर में भी देखने को नहीं मिली । आगे उन्होंने कहा कि इस मंदिर का कायाकल्प आज तक नहीं हो पाया यह बहुत ही खेद का विषय है। उन्होंने मंदिर का पुनरुद्धार के लिए संतो और प्रशासनिक अधिकारियों व शासन तक बात पहुंचाने की बात कही । उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि निश्चित ही प्रयागराज के इस मंदिर का कायाकल्प होगा और तब प्रयागराज का और गौरव बढ़ेगा । इस मौके पर मंदिर के मुख्य पुजारी ज्ञानेंद्र गोस्वामी,मंदिर के संचालक विनोद गोस्वामी ,मंदिर के पुजारी व ग्राम प्रधान देवरिया महंत राजीव गिरि, नीलू गिरि, सनी गोस्वामी, दिलीप गोस्वामी आदि सैकडों भक्त व गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया।



सुजावन देव का अभिषेक करते लेटे श्री बड़े हनुमान जी के महंत बलबीर गिरि व अन्य भक्त।



## मसुरिया धाम में रविवार को नवमी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**लालापुर।** क्षेत्र के मसुरिया धाम में रविवार को नवमी के दिन भारी भीड़ उमड़ पड़ी।माता का दर्शन करने के लिए लगभग तीन सौ मीटर लम्बी कतार लगी रही।दर्शनार्थियों की इतनी भीड़ उमड़ी की गांव की गलियां भी वाहनों से जाम हो गयी।मेले में थानाध्यक्ष लालापुर शेर सिंह यादव घोड़े पर बैठकर भीड़ को नियंत्रित करने में लगे रहे।मन्दिर के गर्भ गृह में दोपहर बाद इतनी भीड़ उमड़ी की थानाध्यक्ष को मोर्चा संभालना पड़ा।भीड़ को काबू करने में पुलिसकर्मियों के पसीने छूट गए।प्रधान देवेंद्र उर्फ राजू उपाध्याय व मन्दिर के पुजारी धनन्जय,भोला ने बताया कि रविवार को लगभग एक लाख श्रद्धालुओं ने माता मसुरिया का दर्शन किया।मेले में राजस्व निरीक्षक संतोष राम यादव ,सन्तोष मिश्र,मिथलेश कुमार सहित बिजली विभाग के जेई आशीष कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।राजा शंकरगढ़ के प्रबंधक मुन्नू सिंह व मेला प्रभारी बनाए गए त्रिलोकी नाथ त्रिपाठी ने बताया की दर्शनथीर्यों के लिए ठहरने व बिजली,पानी की समुचित व्यवस्था मेला व्यवस्थापक की तरफ से की गयी है।

## न्यूज झरोखा

#### सीबीएसई ने फोर्ड स्कूल को दी इंटरमीडिएट की मान्यता

प्रो. एस बी लाल ने दी प्रधानाचार्य सहित शिक्षको, छात्र छात्राओं को बधाई



**नैनी।** सैम हिगिनबॉटम एजुकेशनल एंड चैरिटेबल सोसायटी द्वारा नैनी के काजीपुर में संचालित फोर्ड स्कूल एंड कॉलेज को सीबीएसई ने इंटरमीडिएट तक की मान्यता प्रदान की। इस अवसर पर धन्यवादी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि शुआट्स के प्रति कुलपति एवं फोर्ड स्कूल के मैनेजर प्रो एसबी लाल ने प्रधानाचार्य रजनी सिंह सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं व छात्र छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने मान्यता संबंधित फाइल व अभिलेख प्रधानाचार्य को सौंपते हुए कहा की बोर्ड स्कूल लगातार गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान कर रहा है। स्कूल द्वारा पढ़ाई के साथ नैतिक मूल्यों की शिक्षा, सदाचार एवं व्यक्तित्व विकास पर भी बल दिया जा रहा है इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा और वे आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार होंगे। रजनी सिंह ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के योगदान की सराहना की।

#### स्वास्थ्य कैम्प में मरीजों की जांच कर किया दवा वितरण



**घूरपुर।** भारतीय जन सेवा मिशन एवं मानव उत्थान एजुकेशनल एंड चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा इलाके के दांदूपर मे निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैम्प एवं दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कैम्प में 200 मरीजों की मुफ्त रक्त आदि जाँच कर मुफ्त दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम के संयोजक न्यूरोथैरेपी एक्सपर्ट डॉ सूर्या यादव ने न्यूरो थेरेपी के माध्यम से फ्रोजन शोल्डर , माइग्रेन, अनिद्रा, सरवाइकल से पीड़ित लोगों को थेरेपी के माध्यम से बगैर दवा इलाज किया। और थेरेपी के माध्यम से इलाज के फायदे बताए। डॉ शोएब हमीदी ने चर्म रोगियों को सुझाव और दवा वितरित किया। डॉ सुहानी राय ने महिलाओं और युवतियों से जुड़ी समस्या को सुना और इसके निदान के लिए उचित सलाह दिया। कार्यक्रम में रोहित अग्रवाल, अदनान, राजेश अग्रवाल, परवेज, अलकमा, महिलीका ने आये हुए रोगियों की सहायता की।

#### विभिन्न मामलों के चार वारंटी गिरफ्तार



**शंकरगढ।** यमुनापार के शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। धरे गए सभी के खिलाफ विभिन्न धाराओं वाले मामले दर्ज हैं। उक्त जानकारी देते हुए एसओ बृजेश सिंह ने बताया कि अपराधियों की धरपकड़ को चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाने की पुलिस टीम ने चार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए विनोद कुमार तिवारी पुत्र गौरीशंकर तिवारी (ग्राम गोरखा, शंकरगढ़), सूरजपाल उर्फ गोटई पुत्र दक्षिणा कोल (भड़िवार, शंकरगढ़), गेंदालाल पुत्र भाईलाल (कोहडि?ा, शंकरगढ़) और बबला उर्फ बबलू पुत्र श्यामलाल उर्फ बडकू (भड़िवार, शंकरगढ़) से पूछताछ के बाद चालान कर दिया गया है। एसओ ने बताया कि उक्त चारों के खिलाफ विभिन्न धाराओं वाले चार मामले पंजीकृत हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में सब इंस्पेक्टर अजय कुमार मिश्र, चौकी प्रभारी पीपीजीसीएल अमित कुमार, एसआई ऋतुराज सिंह, हेड कांस्टेबल रवींद्र सिंह, आलोक जीत सिंह, मोनू राजपूत, विपिन चौधरी शामिल रहे।

#### कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने सुनी मन की बात



**सहसों।** भाजपा कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने बहुत ही उत्साह के साथ सुनी मोदी की मन की बात। रविवार को क्षेत्र के ग्रामसभा देवनहरी में मंडल सहसों के महामंत्री पवन कुमार शुक्ला के आवास पर ग्रामीणों ने मन की बात सुना। मन की बात में प्रधानमंत्री ने 10 वर्षों तक वृंदावन में रहने के पश्चात अपने देश वापस लौट चुकी जगत तरनी देवी ने ऑस्ट्रेलिया में ही वृंदावन को बना लिया है। और भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता को अपना करके वह आस्ट्रेलिया में ही उसका प्रचार प्रसार कर रही हैं। इसी प्रकार से प्रकृति को बचाने के लिए कर्नाटक के लोगों ने एक द्वीप को डूबने के खतरे से बचाने के लिए वहां पर पेड़ लगाया और उसको सुरक्षित किया प्रधानमंत्री ने कहा यदि हम प्रकृति के खिलाफ कोई काम नहीं करेंगे तो प्रकृत हमको नुकसान नहीं पहुंचाएगी इसलिए प्रकृति का संरक्षण करें। तो वह हमें जीवन देंगी। मन की बात सुनने वालों में प्रमुख रूप से भगवान प्रसाद शुक्ल, राजाराम शुक्ल , बाबादीन शुक्ल, संजय शुक्ला, अशोक कुमार त्रिपाठी श्रीचंद कनौजिया आलोक कनौजिया, शिव कुमार शुक्ला, एवं अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

## भारत मे अब रामराज्य का सपना साकार हो रहा है : विभवनाथ भारती

**घूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी यमुनापार मे भाजपा परिवार को बढाने मे पूरी टीम लगी हुई है। जिलाध्यक्ष यमुनापार विभव नाथ भारती स्यमं लगातार विभिन्न क्षेत्रों में दौरा कर सदस्यता करवा रहे है। रविवार को इसी क्रम मे इरादतगंज बूथ संख्या 54,भीठा बूथ संख्या 62 पर सदस्यता अभियान जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी, जिला सह मीडिया प्रभारी आर के शर्मा, मंडल अध्यक्ष जसरा जगत नारायण शुक्ला,राजमणि पटेल,कल्पना मिश्रा आदि के साथ दर्जनों लोगो को सदस्यता ग्रहण कराते हुए जिलाध्यक्ष श्री भारती ने कहा हम भाजपा अपने परिवार को बढ़ाकर एतिहासिक जीत 2022 मे दर्ज करेंगे और हमारा एक-एक देवतुल्य कार्यकर्ता इस ओर जुट चुका है। भारत मे अब रामराज्य का सपना साकार हो रहा है। और देश पुनः विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर हो चला।



भाजपा का सदस्यता अभियान में शामिल लोग

# विनायक पंडित ने किया कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन



खिलाड़ियों का स्वागत करते



विजेता टीम को पुरस्कार से सम्मानित किया गया

अखंड भारत संदेस

**करछना।** विकास खंड के ग्राम पंचायत बराव के बोधा का पूरा में आयोजित नवदुर्गा जूनियर कबड्री प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मॉ सेवा संस्थान के अध्यक्ष विनायक पंडित नें फीता काट कर किया उदघाटन ।कबड्री प्रतियोगीता के उद्घाटन मैच में मध्यप्रदेश की टीम नें मैच जीत उद्घाटन मैच अपने नाम कर लिया, कबड्री प्रतियोगीता का आयोजन विगत वर्षों कीं भाँति इस वर्ष भी युवाओं द्वारा आयोजित किया गया है जिसमें दर्जन से अधिक टीमों ने प्रतिभाग किया ।प्रतियोगिता के पहले दिन बडी संख्या में गणमान्य लोगों के अलावा खेल प्रेमियों का जमावड़ा लगा रहे । उद्घाटन मैच जीतने वाली टीम को पुरस्कृत किया गया संचालन और आयोजक -भैया लाल पटेल, अजय पटेल टेलिकॉम, आकाश भाई, भाई पटेल, आदित्य पटेल, मंगला पटेल भाई अन्य युवाओं नें परतियोगिता में उपस्थित रहे।

## कबड्री प्रतियोगिता के फाइनल मैच में तेवरिया टीम बनी विजेता

**करछना।** बोधा का पूरा बरांव में चल रही नवदुर्गा कबड्डी प्रतियोगिता डे नाइट मैच में 16 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें फाइनल मुकाबला मध्यप्रदेश की टीम और तेवरिया करछना के बीच खेला गया इस रोमांचक मुकाबले में तेवरिया करछना ने मध्यप्रदेश को 2 प्वाइंट से शिकस्त दी और फाइनल ट्राफी अपने नाम की विजेता और उपविजेता टीम को प्रतियोगिता के विशिष्ट कार्यवाहक रहें आलोक पटेल (टेलिकॉम बरांव) ने ट्राफी देकर सम्मानित किया ,इस मौके पर माँ सेवा संस्थान रोकडी करछना प्रयागराज के अध्यक्ष विनायक पंडित सहित बडी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# बोलेरो, कंटेनर के आमने सामने टक्कर में 7 घायल, भर्ती

**इलाज के दौरान एक की मौत, घायलों में 5 महिला दो पुरुष**

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** शनिवार की रात शादी समारोह से लौट रहे बोलेरो सवार की सामने से आ रही कंटेनर की जोरदार टक्कर से बोलेरो सवार सभी सात लोग घायल हो गए। शहर के निजी अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती। प्राप्त जानकारी के अनुसार थरवई थाना क्षेत्र के रामनगर बाजार में राज नारायण डिग्री कॉलेज के सामने शनिवार की रात लगभग 12 बजे मलाका फाफामऊ से शादी समारोह में शामिल होने के पश्चात वापस घर जाते समय बोलेरो सवार 7 लोग जैसे ही रामनगर बाजार पहुंचे की सामने से आ रही अनियंत्रित कंटेनर से जोरदार टक्कर लगी जिससे बोलेरो के परखच्चे उड़ गए एवं समस्त बोलेरो सवार सभी 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जोरदार टक्कर की आवाज एवं बोलेरो सवार लोगों की चीख पुकार सुनते ही आसपास के लोग दौड़ पड़े देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पाकर थरवई पुलिस मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की सहायता से बोलेरो सवार सभी सातों लोगों को बाहर निकाला एवं सभी को एंबुलेंस बुलाकर शहर के एक निजी चिकित्सालय में उपचार हेतु भेज दिया। बोलेरो सवार घायलों में अर्पिता पुत्री कृष्ण चंद पटेल 19 वर्ष निवासी पूरा दयाल रामनगर थाना मुंगरा बादशाहपुर जौनपुर, मनीषा पटेल पत्नी स्वाभिमान 24 वर्ष पूरा दयाल रामनगर थाना मुंगरा बादशाहपुर जौनपुर, सरिता पुत्री स्वर्गीय पारसनाथ पटेल 32 वर्ष रामनगर थाना थरवई प्रयागराज, कंचन पटेल पुत्री श्याम बहादुर 34 वर्ष निवासी बलीपुर थाना उतरांव प्रयागराज, राजेश कुमार पुत्र हरिश्चंद्र 32 वर्ष दरियापुर थाना फूलपुर प्रयागराज, अंजू पटेल पुत्री श्याम बाबू 22 वर्ष बलीपुर थाना उतरांव प्रयागराज, अमर पटेल पुत्र स्वर्गीय अशोक कुमार 36 वर्ष पकड़ी थाना मुंगरा बादशाहपुर जौनपुर रहे। सभी घायलों का उपचार शहर के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराकर हो रहा है इसमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जाता है कि सभी लोग बलीपुर से मलाका फाफामऊ बारात में शामिल होने गए थे वहां से वापस रामनगर स्थित सरिता पटेल को उतार कर बलीपुर को जाते। सूचना पाकर घायलों के परिजन मौके पर पहुंचे और हड़कंप मच गया। समाचार लिखे जाने तक थरवई पुलिस के अनुसार बोलेरो चालक अमर पटेल पुत्र स्वर्गीय अशोक कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है।



बोलेरो व कंटेनर की आमने सामने भिड़न्त का दृश्य

#### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, सिपाही घायल

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक सिपाही घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है.। जानकारी के मुताबिक सराय इनायत थाना क्षेत्र के मानिक का पूरा, सरसों निवासी जितेंद्र कुमार (28) पुत्र अमर बहादुर नैनी कोतवाली क्षेत्र के नैनी गांव स्थित अपने ससुराल बीती रात आया हुआ था। वह बाइक द्वारा रात लगभग 11:00 बजे अपने घर की ओर वापस लौट रहा था। जैसे ही क्षेत्र के एसबीआई बैंक के समीप पहुंचा। तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। वहीं दूसरी ओर फाफामऊ क्षेत्र में तैनात एक सिपाही रविवार सुबह लेप्रोसी मिशन चौराहे के समीप सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

#### प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में की सदस्यता ग्रहण

**नैनी।** जनाधार शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष दीक्षित के निर्देश पर उत्तर भारत के अध्यक्ष अखिलेश शुक्ल के दिशा निर्देशन में प्रयागराज सहित प्रदेश के समस्त्त विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी की ओर से जन संपर्क अभियानयान के तहत पार्टी की नीतियों को लोगों से मिलकर अवगत कराया जा रहा है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विनोद पटेल के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ता राम बहादुर सरोज, राज कुमार पटेल, सुभाष चंद्र, भानू प्रताप, सुरेन्द्र कुमार पटेल, कमल सिंह पटेल, डॉ महेंद्र पाल, शैलेश्वर कुमार, अरुण कुमार आदि समेत प्रतापपुर, हंडिया, फूलपुर आदि जैसे कई विधानसभा क्षेत्रों में जनाधार शक्ति पार्टी के नाम की मजबूत ढांचा तैयार करने में जुटे हुए हैं। वहीं धारा सिंह, मुल्लू प्रसाद, राम पूजन, राकेश कुमार, अमित सिंह, अमन सिंह, मो. इरशाद, राजेश पाल, राकेश प्रजापति आदि ने प्रतापपुर व हंडिया विधानसभा में स्थित कार्यालय में सदस्यता ग्रहण कराया गया।

## खबर संक्षेप

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार का टूटा पैर

**करछना।** थाना अंतर्गत कटका गांव के सामने मिर्जापुर प्रयागराज राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार का पैर टूटा उपचार के लिए भेजा गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मेजा थाना क्षेत्र के छतवा गांव निवासी संतोष कुमार पुत्र लखपत 35 वर्ष सोमवार दोपहर के वक्त शहर से वापस घर के लिए लौट रहा था। अभी वह कटका गांव के सामने पहुंचा था कि उसी बीच पीछे की ओर से तेज रफ्तार ट्रक चालक अनियंत्रित होकर बाइक में जोरदार टक्कर मारते हुए मौके से भाग निकला। हादसे में बाइक सवार का पैर टूट गया। और बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना होने पर भीरपुर चौकी प्रभारी शिवांशु पांडेय मौके पर पहुंचे। वहीं घटना की जानकारी फोन के माध्यम से परिजनों को देते हुए घायल व्यक्ति को पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।

# स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन में कोई भी लापरवाही स्वीकार्य नहीं: डीएम

## कोटवा एट बनी के प्रभारी को प्रतिकूल प्रविष्टि, शंकरगढ़ प्रभारी चिकित्साधिकारी से स्पष्टीकरण देने के निर्देश

अखंड भारत संदेश

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न


स्वास्थ्य समिति की बैठक का अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी सहित उनके स्टॉफ को निर्देशित किया कि मरीज तथा उनके परिजनों के साथ व्यवहार अच्छा करें। उन्होंने बॉयो मेडिकल का ट्रीटमेंट जिस तरह होना चाहिए, हो रहा है कि नहीं की जानकारी ली। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों से ब्लाक वाइज वैक्सीनेशन के कार्यों में जसरा, शंकरगढ़, मऊआइमा के प्रभारी चिकित्साधिकारियों द्वारा अच्छा कार्य किया गया है, ये बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां पर ईट-भट्टे तथा बाजार है तथा सार्वजनिक स्थलों पर टीम लगाकर टीकाकरण कराने तथा संगम नोज तथा मसुरियादीन पर भी वैक्सीनेशन का कार्य शुरू किया जाये। उन्होंने बेली हॉस्पिटल के व्यवस्था पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि वहां पर साफ-सफाई आदि की समुचित व्यवस्था की जाये तथा आशा बहुओं एवं ए0एन0एम0 के भी प्रशिक्षण का कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिये है। उन्होंने नोडल अधिकारियों को समय पर निरीक्षण करने के लिए कहा है। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा में हण्डिया के प्रभारी चिकित्सा धिकारी से कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा कहां कि जो भी ब्लाक एमओआईसी में अच्छा कार्य करेंगे, उनको सम्मानित किया जायेगा।संस्थागत प्रसव, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व वंदना योजना, आशाओं के भुगतान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि यदि अगली बैठक तक प्रगति अच्छी नहीं हुई, तो कड़ी कार्रवाई की जायेगी। कार्यों में लापरवाही पाये जाने पर प्रभारी चिकित्सा धिकारी कोटवा एट बनी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया है तथा शंकरगढ़ के प्रभारी चिकित्साधिकारी से स्पष्टीकरण तलब किया है। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन में कोई भी लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, मुख्य चिकित्सा धिकारी नानक सरन, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी गणों के अलावा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी गण तथा अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कोरांव में भूमि विवाद को लेकर दो की हत्या, दोनों पक्षों से एक-एक की मौत

अखंड भारत संदेश

**एक पक्ष से पांच नामजद दूसरे पक्ष से एक नामजद**

**कोरांव।** थाना कोरांव के ग्राम देवघाट कुलडिहवा में गत दिवस भूमि विवाद,निर्माण कार्य को ले कर दो गुटों में जमकर लाठियां चटकी, जिनमे एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरे पक्ष के एक पुरुष की भी दूसरे दिन मौत अस्पताल प्रयागराज में हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को मुलजिम बनाने के लिए विवश होना पड़ा। बता दें कि झुन्नी गोश्वामी से कल्लू मल्लाह का मकान निर्माण को ले कर विवाद हुआ और मामला उग्र होते हुए हत्या तक पहुंच गया। दोनो तरफ से चटकी लाठियों के मध्य झुंनी गोस्वामी की पत्नी शिवपतिया 65 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। कल्लू मल्लाह भी घायल थे,जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, किंतु हत्यारोपी कल्लू मल्लाह भी 29 नवंबर को मौत के शिकार हो गए।। झुननी गोस्वामी की ओर से थाना कोरांव में हत्या का मामला राजित राम उर्फ किनका,हरी प्रसाद, राम चंद्र, तौलन उर्फ कालू,छोटे मल्लाह के विरुद्ध दर्ज कराया गया था। गिरफ्तारी में क्राइम इंस्पेक्टर धर्मेंद्र यादव संतोष कुमार एस आई पुलिस कर्मियों ने हिस्सा लिया। किंतु मल्लाह कालू की मौत ने यह साबित कर दिया कि यदि राजस्व लेखपाल,तहसील प्रशासन और पुलिस दो हत्याओं के पूर्व विवाद हल कर दिए होते तो शायद यह दो जाने न जाती। भूमि विवादों के चलते जिधर देखिए हत्याओं की घटना में निरंतर वृद्ध हो रही है। किंतु राजस्व विभाग ने निस्पक्छ और समुचित त्वरित कार्यवाही नहीं करती। कल्लू मल्लाह का भी पोमा के पश्चात पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। घटना से पूरे इलाके में हरकंप मचा हुआ है।

## प्रतापपुर में चल रही हिंदी फिल्म हीरो ऑफ नेशन चंद्रशेखर आजाद की शूटिंग



**प्रतापपुर।** देश की आजादी के लिए मात्र 25 वर्ष की अवस्था मे देश के खातिर बलिदान देने वाले भारत माता के वीर सपूत चन्द्रशेखर आजाद जिनकी गौरवगाथा सुनकर रूह में जोश और देश प्रेम की लहर पैदा हो जाती है।उनकी जीवनी पर फिल्म बना रहे प्रयागराज के प्रख्यात पटकथा लेखक व फिल्म निर्देशक धीरज मिश्रा इनदिनों फिल्म की शूटिंग प्रतापपुर और फूलपुर क्षेत्र के विभिन्न लोकेशन पर कर रहे है।धीरज मिश्रा ने बताया फिल्म का नाम 'हीरो ऑफ नेशन चन्द्र शेखर आजाद है जिसका निर्माण ब्लूमफेयर प्रोडक्शन एंड लालमनि फिल्म्स सहनिमार्ता जसबीर सिंह और अनुराधा भट्ट के सहयोग से हो रहा।फिल्म स्क्रिप्ट भी मैंने और मेरी पत्नी यशोमति देवी ने तैयार किया है।निर्देशन भी दर्शन कुमार संत और मैं कर रहा हूँ।फिल्म में चन्द्र शेखर आजाद के जीवन विभिन्न पहलुओ को दिखाया जाएगा। फिल्म में चंद्रशेखर आजाद का किरदार निभा रहे अभिनेता कबीर अहमद ने बताया आजाद का बहुत चैलेजिंग रोल है मगर मुझे गर्व है कि मैं आजादी के नायक चंद्र शेखर आजाद के रूप में पर्दे पर दिखूंगा। मूलतः प्रयागराज (प्रतापपुर) निवासी पटकथा लेखक एवं फिल्म निर्देशक धीरज मिश्रा कहते है कि आने वाले दिनों में प्रयागराज फिल्म फिल्म शूटिंग के हब होगा और प्रयागराज मिनी फिल्म सिटी नाम से जाना जायेगा जिसके लिए मैं प्रयासरत हूँ।

# नरेन्द्र सिंह के निज आवास पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

## किसानों, नौजवानों के हितों को लेकर संघर्ष और अधिक तेज होगा : नरेन्द्र सिंह

अखंड भारत संदेश


वरिष्ठ समाजवादी नेता नरेन्द्र सिंह का स्वागत करते

**मेजा।** वरिष्ठ समाजवादी नेता, स्व जनेश्वर मिश्र के करीबी रहे नरेन्द्र सिंह के सपा का प्रदेश सचिव मनोनीत किये जाने के बाद अपने निज निवास भड़ेवरा गांव में पहुंचने पर गांव वासियों, क्षेत्रीय लोंगो ने फूल मालाओं से लाद कर भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया। श्री नरेन्द्र सिंह लखनऊ से चलकर देर रात घर पहुंचे तो स्वागत करने वालों का ताँता लगा रहा। स्वागत से अभिभूत सपा के प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने क्षेत्रीय जनता के स्नेह और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि किसानों, नौजवानों सहित क्षेत्र की समस्याओं को लेकर शासन, प्रशासन से संघर्ष को और अधिक तेज किया जायेगा। उन्होंने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों को किसान, नौजवान, महिलाओ सहित आम जन का विरोधी बताते हुए कहा कि अच्छे दिन का नारा देकर सत्ता में आने वाली भाजपा ने सिर्फ पूँजीपतियों को और अधिक मजबूत बनाया जबकि किसान, नौजवान, बेरोजगार अभी भी मजबूर और लाचार बना हुआ है। प्रदेश की योगी सरकार पर कानून व्यवस्था ध्वस्त होने का आरोप लगाते हुए कहा कि गुंडे भाजपाई बन चुके हैं और अपराधों पर कोई अंकुश नहीं है। उन्होंने दावा किया कि लोंगो को अखिलेश सरकार में किये गये विकास कार्य याद आ रहे हैं। बधाई देने वालों मे प्रमुख रूप से शिवा नन्द शुक्ल, अरूण कुमार सिंह, श्रीमती प्रतिमा सिंह, अरविंद यादव, शिवराम पटेल (गट्टा), हीरा लाल पटेल, धीरेन्द्र कुमार, सुशील कुमार सिंह, कल्लू यादव बाबा जी, राज मुहम्मद, मानेन्द्र प्रताप सिंह, पारस निषाद, अशर्फी पाल, बाबू नन्दन यादव, विजय बहादुर कुश्वाहा, दशरथ कुश्वाहा सहित कई शुभ चिन्तकों एवं पार्टी जनों का आना लगा रहा।

## न्यूज झरोखा

### दर्जन भर सड़कों का कुंवर रेवती रमण ने किया लोकार्पण



**करछना।** विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बराव में आयोजित एक कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने दर्जनभर से अधिक सड़को एवं इंटरलॉकिंग निर्माण कार्यो का एक साथ लोकार्पण किया जिसमें बारांव, ककरम , अंतहिया, खजुरौल कैथी, सुलमई आदि गावों में विधायक करछना कुंवर उज्जवल रमण सिंह के निधि से बनने वाले सड़कों का लोकार्पण किया गया कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे उपस्थित लोगों में प्रधान हथसरा शिव गणेश पटेल, पूर्व प्रधान मेडरा संतोष पांडे, ब्लाक प्रमुख करछना प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय राज सिंह उर्फ राजू सिंह, प्रधान बराव बजरंगी, पूर्व प्रधान राजू सिंह ,शिव बाबू सिंह राजेश्वर पांडे हंसराज सिंह आज बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### आईटीआई कंपनी में चला सफाई अभियान




**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र, नैनी में स्थापित इंडियन टेलिफोन इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आईटीआई) कंपनी में बीते 16 नवम्बर से आगामी 30 नवम्बर 2021 तक मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आईटीआई के अधिकारियों द्वारा सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसकी शुरूआत उक्त कंपनी के इकाई प्रमुख एनके बोकाडे ने किया और कई वरिष्ठ अधिकारी जेएस हिगिंस उप महाप्रबंधक वर्क्स, अतुल कुमार शमुख्य प्रबंधक टीएस, एके सिंह प्रबंधक मानव संसाधन, मंदीप सिंह आदि सफाई अभियान में मौजूद रहे। वहीं मुख्य भवन के समीप पार्क की सफाई कार्य को किया गया। इस अवसर पर इकाई प्रमुख ने सभी से अपील करते हुए कहा कि आप सभी लोग प्रतिदिन कम से कम दो घन्टे अपने आस पास की सफाई कार्य को करें। जिससे देश को स्वच्छ बनाया जा सके और महात्मा गांधी जी के सपने को साकार किया जा सके।

### एनएसयूआई ने योगी सरकार का फूंक पुतला



**करछना।** यूपी टीईटी परीक्षा के पूर्व ही परीक्षा केंद्रों पर पेपर होने पर आक्रोशित प्रयागराज ठरवककार्यकताओं ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ भवन पर सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन किया और लगाए सरकार विरोधी नारे । ठरवकजिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर ने कहा कि यूपी टीईटी पेपर लीक से सभी प्रतियोगी परीक्षार्थियों के अरमानों व सपनों पर पानी फिर गया। आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई कर उनसे मिले-जुले विभाग के कर्मचारियों पर भी कानूनी कार्यवाही किया जाय।ठरवकप्रदेश प्रवक्ता चन्द्रशेखर अधिकारी आजाद ने कहा कि पिछली तमाम भर्तियों में धांधली व पेपर लीक के मामले योगी सरकार के छात्र विरोधी चरित्र को प्रदर्शित करते हैं। शिक्षा, रोजगार व छात्र हितों के मुद्दे पर सपा सरकार एवं भाजपा सरकार "चोर-चोर मौसेरे भाई" की उक्ति सार्थक कड़ते हैं। यूपी टीईटी पेपर लीक के इस मामले की सीबीआई जांच कराकर आरोपियों एवं विभाग के कर्मचारियों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। पुतला दहन करने वालों में जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवर,चंद्रशेखर अधिकारी, अजय पाण्डेय,सत्यम कुशवाहा,जिलाउपाध्यक्ष प्रीतम चंद्रा,जिलाउपाध्यक्ष शिवम शुक्ला,जिलामहासचिव धीरेन्द्र सिंह,जिला सचिव देवेंन्द्र सिंह,आनंद मौर्या,दुर्गेश मुरारी,इंद्रजीत मौर्य,आदर्श भदौरिया,बृजेश मौर्य,कुंदन कनौजिया, सर्वेश यादव,विवेक आदि छात्र मौजूद ।

### जंघई मंडल भाजपा द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया



**जंघई।** जंघई मंडल में सदस्यता अभियान का कैम्प मंडल अध्यक्ष संदीप तोगड़िया के नेतृत्व में लगाया गया जिसमें वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा नेता पण्डित विजय शर्मा, ब्लाक प्रमुख प्रतापपुर के पिता राजमणि यादव, मण्डल महामंत्री प्रदीप शर्मा, मण्डल मंत्री मनोज दुबे सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# चाणक्य इन्टरनेशनल स्कूल में क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न



चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल मनुका पुरा में हाउस वाइज एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता में हाउस की ट्राफी के साथ

अखंड भारत संदेश

**ब्लू हाउस ने ट्राफी पर जमाया कब्जा**

**मेजा रोड।** अर्धवार्षिक परीक्षा की समाप्ति के उपरान्त चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल मनुकापूरा में आज हाउस वाइज एक दिवसीय क्रिकेट एवम् खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता मे ओवर ऑल ब्लू हाउस ने विजय हासिल कर ट्राफी अपने नाम करने मे कामयाबी हासिल की। आज समपन्न हुई क्रिकेट प्रतियोगिता सर्वप्रथम ग्रीन हाउस एवम् एलो हाउस के बीच आठ - आठ ओवर की हुई , जिसमें ग्रीन हाउस ने तीन विकेट सात रन से एलो हाउस को पराजित किया। इस टक्कर मे ग्रीन हाउस के कैप्टन सार्थक तथा एलो हाउस के कैप्टन प्रियांशु रहे इसके बाद दूसरे राउण्ड में ब्लू हाउस एवं रेड हाउस के मध्य हुई प्रतियोगिता में ब्लू हाउस ने रेड हाउस को 2 विकेट 5 रन से पराजित कर फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। इस टक्कर में ब्लू हाउस के कैप्टन हिमांशु तथा रेड हाउस के कैप्टन अमित रहे। अंत मे फाइनल टक्कर ग्रीन हाउस एवम् ब्लू हाउस के बीच हुई जिसमें ब्लू हाउस ने एक विकेट तीन रन से ग्रीन हाउस को पराजित कर ट्राफी अपने नाम कर लिया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में कमेंट्रेटर की भूमिका स्कूल के कोआर्डिनेटर प्रशान्त श्रीवास्तव एवम् अम्पायर की भूमिका वरिष्ठ शिक्षक डी एन तिवारी तथा मंगला प्रसाद ने सफलता पूर्वक निभाई। खो-खो प्रतियोगिता सभी हाउस के मध्य सम्मिलित रूप से करायी गयी जिसमें रेड हाउस की कैप्टन प्राप्ति एवम् उनकी टीम ने ब्लू हाउस की कैप्टन अंकिता एवम् उनकी टीम को पराजित कर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। खो-खो प्रतियोगिता का नेतृत्व मैम ऋतु राज एवम् मैम आयुषी सिंह ने किया। अंत मेंस्कूल के प्रशासक सुधाश्रु मिश्र ने विजेता टीम को ट्राफी देकर उनका उत्साह वर्धन किया तथा समस्त शिक्षकों को उनकी मेहनत के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बाल संरक्षण के लिए सभी की सजगता जरूरी : जिला समन्वयक

### ब्लाक स्तरीय बाल संरक्षण समिति की जागरुकता कार्यशाला

**शंकरगढ़।** सोमवार को ब्लॉक स्तरीय बाल संरक्षण समिति (शंकरगढ़) की जागरुकता कार्यशाला/प्रशिक्षण/जागरूकता कार्यक्रम विकास खंड के सभागार में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन प्रगति ग्रामोद्योग एवं समाज कल्याण संस्थान व जिला बाल संरक्षण इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख निर्मला देवी ने की। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, विकास खंड शंकरगढ़ की सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्री, शिक्षा, स्वास्थ्य, मनरेगा, पंचायत एवं बाल विकास विभाग से जुड़े सभी बालहित धारक, चैंपियन कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रशिक्षण में जानकारी देते हुए प्रगति ग्रामोद्योग एवं समाज कल्याण संस्थान के जिला समन्वयक डा. विनय प्रकाश यादव ने समेकित बाल संरक्षण इकाइयों की जानकारी दी।

### खाता, आधार से लिंक होना जरूरी

विकास खंड शंकरगढ़ के मिड डे मील प्रभारी अनिल सिंह ने बच्चों की शिक्षा में हुए बदलाव और डीबीटी (आर्थिक लाभ) की जानकारी दी। कहा कि डीबीटी प्राप्त करने के लिए अभिभावकों के बैंक खातों का आधार कार्ड से लिंक होना जरूरी है। एडीओ (पंचायत) आरएन कुशवाहा ने सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि योजनाओं का लाभ लेकर परिवार सक्षम बनेंगे तो बालश्रम रुकेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डा. शैलेंद्र सिंह ने आयुष्मान भारत योजना की जानकारी दी। ग्राम प्रधान श्यामबाबू यादव ने बाल श्रम उन्मूलन संबंधी सरकार की विभिन्न योजनाओं में आ रही व्यवहारिक दिक्कतों की जानकारी दी।

### जिम्मेदारी निभाएं बाल हितधारक

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं ब्लाक प्रमुख निर्मला देवी ने सभी बालहितधारकों से आह्वान किया कि वह अपना काम समय से और अच्छी तरह से करें, जिससे क्षेत्र में पूरी तरह से बालश्रम समाप्त हो और बच्चों का सर्वांगीण विकास हो। संचालन जिला समन्वयक सूबेदार सिंह ने किया। पूनम मिश्रा में धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मुख्य सेविका सरिता सिंह, सुषमा देवी पीजीएस कार्यकर्ता शशिकला सिंह, रविशंकर आदिवासी, सुधीर केहरी, विजय शंकर, कन्हैयालाल आदिवासी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




## यमुनापार पर्यटन विकास समिति की बैठक सम्पन्न

**बड़ोखर मे पर्वतारोहण स्पर्धा का आयोजन 5 दिसम्बर को**

**कोरांव।** यमुनापार पर्यटन विकास समिति के तत्वावधान मे बड़ोखर स्थित अक्षरधाम प्राथमिक विद्यालय मे एक बैठक सम्पन्न हुई, जिसमे विभिन्न सामाजिक सगठनो एवं स्थानीय शिक्षण संस्थानो के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक मे पर्यटन विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक धरोहरो के प्रति चिन्ता व्यक्त करते हुए जन चेतना लाने हेतु दिनांक 5 दिसम्बर 2021 दिन रविवार को पुर्वान्ह 10 बजे कोरांव तहसील के बड़ोखर ग्राम मे एक पर्वतारोहण स्पर्धा कार्यक्रम आयोजित किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन कर रहे सुरेश कुमार कुशवाहा ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य यमुनापार मे पर्यटन विकास की असीम सम्भावनाओं के लिए पहल करना, पर्यावरण संरक्षण/संवर्धन हेतु जन जागरुकता लाना तथा अपनी प्राकृतिक धरोहरो को संरक्षित करने हेतु लोगों को प्रेरित करना है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए यमुनापार विकास समिति के अध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह ने लोगों के विचार, सुझाव, सहयोग व निर्णय की प्रशसा करते हुए आयोजन मे सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा के साथ आयोजन को सफल बनाने की अपील किया। बैठक मे सतीश केशरी, सुरेन्द्र सिंह, राजेश कुमार पाल, जंग बहादुर सिंह, आशिफ खाँन, संजय कुशवाहा, विजय शंकर शुक्ला, सद्दाम खाँ, अशोक मौर्या सहित सुरेश श्रीवास्तव, संजय द्विवेदी, अरुण सिंह आदि पत्रकार भी उपस्थित रहे।

# नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में स्वच्छ ग्राम-हरित ग्राम कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज के तत्वाधान में स्वच्छ ग्राम - हरित ग्राम कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड चाका के पिपराव ग्राम पंचायत में किया गया। कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवम मध्यम उद्यम मंत्रालय,भारत सरकार का सहयोग रहा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री आई० बी ० सिंह , संयुक्त निदेशक एमएसएमई प्रयागराज रहे। युवा मंडल पिपराओ अध्यक्ष, निर्मल पांडेय ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। एमएसएमई मंत्रालय के जागरूकता अभियान के तहत युवा मंडलों को स्व रोजगार संबंधित सभी योजनाओं के बारे में बताया गया तथा संबंधित बुकलेट भी उपलब्ध करवाया। इस कार्यक्रम का निर्देशन कर रही नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी , सुश्री जागृति पांडेय ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए ग्राम को स्वच्छ तथा हरित बनाए रखने हेतु ऊजार्वान टीम के साथ आगे आने को कहा। सुश्री जागृति ने युवाओं को स्व रोजगार योजनाओं में रुचि लेते हुए एमएसएमई से जुड़कर लाभान्वित होते हुए उद्यमों के जरिए स्वयं की तथा देश की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बनाने में योगदान देने को कहा। कार्यक्रम में लगभग 40 ग्रामों के नव गठित युवा मंडलों के अध्यक्षों और सदस्यों ने प्रतिभाग किया । सभी युवाओं ने योजनाओं को ध्यान पूर्वक सुना। कार्यक्रम में लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज सिरसा के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी, डा ० सच्चिदानंद त्रिपाठी ने युवाओं को एन एस एस के साथ मिलकर कार्य करने को कहा जिससे एक ऊजार्वान टीम बनाई जा सके। यूनिसेफ प्रयागराज के जिला समन्वयक श्री नवनीत कुमार ने यूनिसेफ द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों के बारे में युवाओं को बताया।एमएसएमई से सहायक निदेशक, श्री वैभव खरे, श्री संजय कुमार ने एमएसएमई योजनाओं की जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से युवाओं को दी। नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज के राज्य प्रशिक्षक श्री महेश द्विवेदी ने कार्यक्रम मंच संचालन किया तथा युवाओं को स्वच्छ ग्राम हरित ग्राम बनाने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम आयोजन में ग्राम पंचायत पिपराओं ग्राम प्रधान, पार्वती निषाद, सचिव श्री रोहित भारतीय तथा स्थानीय लीडर श्री राजेश निषाद ने सहयोग किया। कार्यक्रम में बैंक मित्र तथा पूर्व स्वयं सेवक नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज , श्री नितिन शर्मा ने बैंको की हाई रिटर्न स्कीम और वित्तीय साक्षरता हेतु जागरूक किया। नेहरू युवा केन्द्र प्रयागराज के चाका ब्लॉक के राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक, गायत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रबंधन में योगदान दिया।

# ग्रामीण मेधा शक्ति की बदौलत ही भारत दुनिया के ज्ञान की शक्ति का केन्द्र : मोना

## रजत जयंती मे विधायक ने नामचीन साहित्यकारों को सम्मान से नवाजा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** वर्मा नगर स्थित यमुना प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का सोमवार को रजत जयंती समारोह भव्यता के साथ मनाया गया। रजत जयंती पर मातृ सम्मेलन का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक मोना ने हिन्दी साहित्य की नामचीन कवयित्री डॉ. अनामिका जैन अम्बर तथा बिहार के प्रख्यात कवि शम्भूशेखर व मध्य प्रदेश के नामचीन साहित्यकार शशिकांत यादव को आयोजन समिति की ओर से अंगवस्त्रम एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सारस्वत सम्मान से नवाजा। बतौर मुख्य अतिथि विधायक मोना ने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं की मेधाशक्ति की सफलता की बदौलत ही आज भारत दुनिया के ज्ञान और विज्ञान का शक्ति का केन्द्र बनकर उभरा है। उन्होने बेटियों की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बेटियां ही मातृ शक्ति के सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरोकार के सपने को साकार बनाने मे समर्थवान है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक यमुना प्रसाद यादव व संचालन साहित्यकार एवं शिक्षक लवलेश यदुवंशी ने किया। प्रारम्भ मे प्रधानाचार्य पारसनाथ वर्मा ने शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान ख्यातिप्राप्त कवयित्री अनामिका अंबर, शशिकांत यादव, शम्भूशिखर, आचार्य अनीस देहाती तथा संदीप शरारती ने राष्ट्रीय एवं सामाजिक परिवेश पर आधारित रचनाओं से लोगों को भावविभोर कर दिया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, रोहित शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे।



सरस्वती आराधना से शुभारंभ करती विधायक मोना।

## रिश्तेदारी आए युवक की नदी में डूबने से मौत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कन्हई थाना क्षेत्र के गोई गांव में अपनी मौसी के घर आया एक युवक नदी में नहाने चला गया जहां पर नहाते समय नदी में डूबने से उसकी मौत हो गई जिससे परिजनों में कोहराम मच गया मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया कंधई थाना क्षेत्र के गोई गांव निवासी धर्मेंद्र पुत्र रामअधार के यहां रविवार को बारात आई हुई थी बारात में शामिल होने के लिए फतनपुर थाना क्षेत्र के धनउपुर निवासी विपिन कुमार पुत्र जवाहर भी आया हुआ था लड़की की विदाई हो जाने के बाद कुछ युवकों के साथ हुआ नदी में नहाने के लिए उतर गया और दुर्भाग्यवश वह गहरे पानी में चला गया जब तक उसके साथी कुछ समझ पाते वह गहरे पानी में डूब गया। शोर-शराबा करने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, कन्हई चैकी इंचार्ज अशोक सिंह व सीओ पट्टी मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला, शव को देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया और वे रोने बिलखने लगे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मार्ग दुर्घटना में अधेड़ समेत दो की मौत, मचा कोहराम

## पुलिस ने शव को अन्त्य परीक्षण के लिये भेजा

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** दो अलग-अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। दोनों की मौत से उनके घरों में कोहराम मचा हुआ है। इनमें से एक अपनी भांजी की शादी में भाग लेने आए एक अधेड़ की तेलवाई ले जाते समय वाहन की टक्कर से मौत हुई है। बता दें कि मानिकपुर थाना क्षेत्र के जसौली गांव निवासी दीपक पाल (30) पुत्र जगतपाल ट्रैक्टर चालक हैं। बीते रविवार की शाम वह गांव से गई बारात में शामिल होने गांव के सुरेंद्र सिंह (47) पुत्र विजय बहादुर सिंह के साथ पल्सर बाइक से थाना क्षेत्र के पूरे धनऊ गांव गया हुआ था। जहां से रात करीब साढे.ग्यारह बजे दोनों बारात से घर लौट रहे थे कि रहवई रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की मदद से दोनों को सीएचसी कुंडा ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने दीपक को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल सुरेंद्र सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज एसआरएन रेफर कर दिया गया। उधर सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आने चली गई। जहां से सोमवार को पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

उधर बाबागंज संग्रामगढ थाना क्षेत्र के लाला का पुरवा रामखेलावन की बेटी महिमा की शादी समारोह में आए कुंडा थाना क्षेत्र के मवई गांव निवासी मुकुल गुप्ता उम्र (60) वर्ष अपनी भांजी की शादी में शामिल होने आए थे। बारात आने पर वह तेलवाई पहुंचाने बारातियों के पास जा रहे थे तभी सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। आननफानन मे घायल को उठा कर इलाज के लिए सीएचसी संग्रामगढ लाया गया। चिकित्सकों ने देखते ही मुकुल को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना से घरातियों मे चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची संग्रामगढ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

# टेम्पो पलटने से तीन घायल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** चिलबिला से सवारी बैठाकर दीवानगंज आ रहा टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कंधई थाना क्षेत्र के वीरमऊ एफसीआई गोदाम के पास जानवर बचाने के चक्कर में टेंपो चालक का टेंपो अनियंत्रित हो गया जो बगल गड्ढे में जा गिरा जिसमें सुल्तानपुर जनपद के मोहम्मद जहूर (70) वर्ष पुत्र मोहम्मद सकुर निवासी अझुई थाना कूडूवार तथा मोहम्मद कयूम 55 वर्ष पुत्र मोहम्मद सिद्दीकी निवासी बुकुन पुर थाना बंधुआ कला जनपद सुल्तानपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल सुल्तानपुर से कंधई थाना क्षेत्र के दीवानगंज बाजार मस्जिद निर्माण के चंदा के लिए आ रहे थे। तीनों घायलों को मैजिक वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां हालत गंभीर होने पर मोहम्मद जहूर तथा मोहम्मद कयूम को मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ रिफर कर दिया गया। टेंपो पलटने के बाद टेंपो चालक टेंपो छोड़कर मौके से फरार हो गया तीसरे घायल के संबंध में किसी को कोई जानकारी नहीं है। मौके पर पहुचीं पुलिस ने टेंपो को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया।

# रेलवे क्रॉसिंग का गेट लॉक, चुंगी तक लगा जाम

## फ्लाई ओवर न बनने से रोज जाम में फंसे रहते हैं लोग

## नया मालगोदाम फाटक पर जाम में फंसे रही एम्बुलेंस और सरकारी गाड़ियां

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नया मालगोदाम रेलवे क्रासिंग गेट का एक बम्बू लॉक होने से सोमवार को एक किलोमीटर तक लंबा जाम लगा रहा, जिससे आने जाने वाले जाम में फंसे रहें। उन्हें काफी दिक्कतें आई। एम्बुलेंस, मरीज और सरकारी वाहनों के साथ नौकरी पेशा वाले कोर्ट कचहरी और डयूटी पर जा रहे कर्मचारियों के साथ ही छात्रों को भी जाम के झाम से जूझना पड़ा। लेटलतीफी के कारण अधिकारियों की डांट मिली। छात्रों को क्लास से बाहर खड़े रहना पड़ा। रेलवे की लापरवाही आम लोगों पर भारी पड़ी। सुबह करीब साढे. नौ बजे के आसपास क्रॉसिंग का एक बम्बू लॉक में फंस गया। कर्मचारियों के काफी प्रयास के बाद करीब आधा घंटा बाद खुला। इस बीच लंबा जाम लग गया। सुर्खी साइड की तरफ वाली लोडेड ट्रकों की वजह से जाम काफी देर तक लगा रहा। गेट का लॉक किसी तरह खुला उसके थोड़ी देर बाद फिर से कुछ देर के लिए लॉक हो गया। सिग्नल के कर्मचारियों का कहना है कि तकनीकी समस्या के कारण गेट फंस गया था। इससे सड़क मार्ग जाम हुआ है। ट्रेनों का संचालन ठीक रहा।

## सांसद खेल महोत्सव में कालेज प्रशासन ने किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के मदनमोहन मालवीय पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री कॉलेज कालाकांकर में 21 से 27 नवम्बर तक आयोजित सांसद खेल महोत्सव में बेसिक शिक्षा विभाग कालाकाँकर की टीम का हर कदम पर सहयोग करने वाले एम.एम.पी.जी. कॉलेज कालाकाँकर के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष एस.पी.सिंह चैहान तथा क्षेत्रीय युवा कार्यक्रम अधिकारी कालाकाँकर देशदीपक जोशी का आज एम.एम.पी.जी. कॉलेज कालाकाँकर ग्राउण्ड पर ब्लॉक पीटीआई आदित्य त्रिपाठी और उनकी निर्णायक मण्डल टीम ने एक सम्मान समारोह आयोजित किया और सहयोग के लिये दोनों को धन्यवाद ज्ञापित किया। दोनों सहयोगियों ने बेसिक शिक्षा विभाग की निर्णायक टीम का आभार व्यक्त किया और कहा कि भविष्य में ऐसे आयोजन की जिम्मेदारी मिलेगी तो ऐसे ही टीमभावना से काम करते हुए आयोजन को सफल बनाएंगे। इस मौके पर कालेज के प्राचार्य डॉ शिवम श्रीवास्तव, डॉ सूर्यभान सिंह, डॉ घनश्याम यादव मैनेजर, डॉ रामकरन यादव, अफसार अहमद, रज्जाक, विजय समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## चारों कांशीराम कालोनियों में हुआ सघन एंटी लार्वा का छिड़काव

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका ने डेंगू का प्रभाव रोकने के लिये नगर के चारों कांशीराम कालोनियों में सोमवार को सघन एंटी लार्वा का छिड़काव किया। बताया गया कि नगर के राजकीय इंटर कालेज के पीछे, जोगापुर, सरोज चैराहा व मुर्गी फार्म में बनी कांशीराम कालोनी में नगर पालिका के सफाई कर्मी सुबह से ही एंटी लार्वा का छिड़काव करते देखे गये। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह के निर्देशन में सुबह से ही सफाई व एंटी लार्वा का छिड़काव कार्यक्रम शुरू किया गया जिसके तहत आजाद नगर व अस्पताल वार्डों में जेसीबी से बडे. नालों की सफाई की गई। सफाई निरीक्षक ने आगे बताया कि नगर को साफ-सुथरा रखते हुए संक्रामक रोगों से बचने के लिये एंटी लार्वा का छिड़काव खासकर मलिन बस्तियों में किये जाने की योजना बनाई गई है।

# टीकाकरण कैम्प में कोरोना के प्रति किया जागरूक

## रोटरी क्लब और बीबीएफजी के तत्वावधान में लगे शिविर में उमड़ी भीड़

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** स्वास्थ्य विभाग की तरफ से रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल और बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के तत्वाधान में सोमवार को डेंटल केयर सेंट्रल आदर्श नगर में लगे कोविड शील्ड टीकाकरण कैम्प में लोगों को टीका लगाया गया। लोगों की भीड़ उमड़ी रही।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आये अशरफ अली, सुनीता ने लोगों को टीका लगाया। इस मौके पर ग्रुप के सहयोगी डॉक्टर अनुराग मिश्रा ने बताया कि कैम्प में 60 लोगों को टीका लगाया गया। कैम्प में युवाओं की भागीदारी अधिक रही। लोगों को कोरोना के प्रति जागरूक करते हुये उन्होंने बताया कि कोरोना अभी गया नहीं है। इसलिए तनिक भी लापरवाही न बरते। मौसम बदलने के साथ ही सेहत का भी ख्याल रखे। उन्होंने कहा कि मास्क अवश्य पहने। बुखार और जुकाम होने पर अस्पताल में जाकर इलाज कराये। बीबीएफजी के सहयोगी रोटेरियन अश्वनी केसरवानी ने बताया है कि जिन लोगों को पहली डोज लग चुकी है। उन्हें दूसरी भी लग जाये इसके लिये रोटरी और बीबीएफजी पूरी तरह से तत्पर है। दूसरे डोज के कैम्प भी लगाये जा रहें है। बता दें कि जब कैम्प के आयोजन की परंपरा लगभग समाप्त हो चुकी है। ऐसे में रोटरी और बच्चा बैंक अपने टीकाकरण के कैम्पों का आयोजन बखूबी कर रहा है। ताकि जो भी वैक्सीन से वंचित लोग हैं। उनको कोरोना का टीका लग सके। फाउंडर राजेश कुमार ने बताया कि टीकाकरण के लिए कैम्प का आयोजन होता रहेगा। उन्होंने इस पुनीत कार्य में जुटे वैलेंटियर्स के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस मौके पर सतेंद्र मोदनवाल, रमेश नटराज, प्रदीप मिश्रा समेत कई वॉलेंटियर सक्रिय रहे।



डेंटल केयर सेंटर में टीका लगवाते लोग

# महानायक राजा बाबू गुलाब सिंह की शहादत पर होगा आयोजन

## भयहरणनाथ धाम में वार्षिक अधिवेशन 5 दिसंबर को

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में प्रबन्ध समिति की बैठक में पांच दिसंबर को गत वर्षों की भांति वार्षिक अधिवेशन के आयोजन के संदर्भ में चर्चा करके निर्णय हुए। तय हुआ कि इस वर्ष अधिवेशन को आजादी के अमृत महोत्सव व 1857 की जंगे आजादी के महानायक राजा बाबू गुलाब सिंह की शहादत पर केंद्रित होगा।

भयहरणनाथ धाम क्षेत्रीय विकास संस्थान के उपाध्यक्ष प्रशासन बबन सिंह की अध्यक्षता व महासचिव समाज शेखर के संयोजन में हुई इस बैठक में तय हुआ कि वार्षिक अधिवेशन की शुरूवात भगवान भोले नाथ के रुद्राभिषेक से होगी। रुद्राभिषेक 1970 के दशक में प्रधान रहे तत्कालीन धाम के विकास पुरुष स्मृति शेष मुन्नू लाल सिंह जी के नाती मगध सिंह द्वारा आचार्य श्रवण शास्त्री के देखरेख में किया जाएगा। पुरातत्वविद प्रोफ पीयूष कांत शर्मा व शिक्षाविद राजेश कुमार मिश्र के संयोजन में भारत माता के पूजन से कार्यक्रम चर्चा सत्र की शुरूवात होगी। मिडिल स्कूल कटरा गुलाब सिंह द्वारा इस अवसर पर राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम प्रस्तुत होंगे। साथ ही आलोक आजाद के नेतृत्व में जांबाज हिंदुस्तानी सेवा समिति के कार्यकर्ता भी प्रतिभाग करेंगे। बैठक में उपाध्यक्ष कार्यक्रम राज कुमार शुक्ल, उपाध्यक्ष वित्त एवं लेखा राज नारायण मिश्र, सचिव राजीव नयन मिश्र, प्रदीप सोनी, सुरेंद्र सिंह, शत्रुघ्न सिंह, शिव अग्रहरि, राहुल वैश्य, सच्चिदानंद पांडेय, लाल चंद्र जौहर, महेंद्र कुमार अग्रहरि, कौशल प्रताप सिंह व शिवमूर्ति मिश्र आदि ने प्रतिभाग किया।



प्रबंध समिति की बैठक में बोलते महासचिव समाज शेखर



तिरंगा यात्रा में शामिल अमृत महोत्सव आयोजन समिति के पदाधिकारी

# शहर में अमृत महोत्सव आयोजन समिति ने निकाली तिरंगा यात्रा

## घंटाघर पर हुई भारत मां की आरती

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अमृत महोत्सव आयोजन समिति द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को देश स्वाधीन हुआ था स्वतंत्र नहीं। स्वतंत्रता का अर्थ होता है स्वभाषा। इस अवसर पर हम सब को स्वाधीनता से स्वतंत्रता की ओर बढ़ने का संकल्प लेना है। तिरंगा यात्रा में आगे के रथ पर भारत माता और वीरांगनाओं के वेशभूषा में बालिकाएं थी।उसके पीछे पीछे तिरंगा लिए हुए भारत मां के पुत्र थे। साथ ही भारत माता पूजन के रथ चल रहे थे। यात्रा के क्रम में स्थान पर रात्रि के द्वारा यात्रा का स्वागत हुआ और उसके अंदर राष्ट्रभक्ति का ज्वार उत्पन्न हुआ। इस अवसर पर घंटाघर पर दिव्य पुष्प वर्षा और भारत मां की आरती के द्वारा पूरा वातावरण भक्ति राष्ट्रभक्ति से पूर्ण हो गया। चारों ओर भारत माता की जय के नारे लगे। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक रमेश ने मार्ग पर पड़ने वाले विभिन्न चैराहों पर स्थित भारत माता के वीर सपूतों की मूर्तियों पर माल्यार्पण करने के साथ-साथ तिरंगा अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर पीयूष कांत शर्मा ने और यात्रा का संयोजन रमेश पटेल और प्रभा शंकर पांडेय ने किया। इस अवसर पर रमेश चंद्र त्रिपाठी, चिंतामणि दुबे, प्रतोष कुमार, हरीश कुमार, डॉक्टर सौरभ पांडेय, वीके द्विवेदी, डॉक्टर रंगनाथ शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# किसान बिल वापस होने पर कांग्रेसियों ने मनाया जीत का जश्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बहुचर्चित किसान बिल वापस लेने के लिए केंद्र सरकार ने आज संसद के दोनों सदनों में पास हो गया। केंद्र सरकार द्वारा पारित तीन काले कानूनों के चलते इस कानून का विरोध पूरे देश के किसानों द्वारा विरोध किया जा रहा था।

कांग्रेस ने इस कानून का विरोध देश व्यापी आंदोलन के जरिये किया था। कांग्रेस नेता मा0 राहुल गांधी ने बिल का विरोध करते हुए कहा था कि सरकार को यह कानून वापस लेना ही होगा। बिल वापसी की सूचना पर सोमवार को यहां जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर जुटे कांग्रेसियों ने जीत व खुशी का इजहार करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी के नेतृत्व में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर डा0वी0के0सिंह, इरफान अली, वेदान्त तिवारी, नरसिंह प्रकाश मिश्र, डॉ0 प्रशांत देव शुक्ल, महेंद्र शुक्ल, राम रतन तिवारी, ज्योति कुमार तिवारी, राज कमल त्रिपाठी, आशुतोष तिवारी, अरुण मिश्र, फतेह बहादुर सिंह, अजीत सिंह, सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# जेईई एडवांस की परीक्षा में मेधावियों ने बढ़ाया मान

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के धधुआ गाजन स्थित आइन्सटीन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जेईई एडवांस की परीक्षा मे बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। स्कूल के छात्र हर्षित त्रिपाठी को उक्त परीक्षा मे एक हजार सैतालिसवीं रैंक हासिल हुई है। जबकि सुलभ पाण्डेय को एक हजार पांच सौ इक्तालिसवीं रैंक प्राप्त हुई। ओम त्रिपाठी ने भी बारह हजार एक सौ अटठाईसवीं रैंक हासिक कर विद्यालय का मान बढ़ाया। जबकि अभिनव सिंह ने नीट की परीक्षा मे सोलह हजार सत्रहवीं रैंक हासिल कर विद्यालय का जिले मे मान बढ़ाया। विद्यालय की निदेशिका श्रुति शुक्ला ने छात्रों की इस उपलब्धि को गुणवत्ता परक शैक्षिक माहौल व शिक्षको पर अथक परिश्रम बताया। प्रधानाचार्य जॉनसन जार्ज व उप प्रधानाचार्य मनोज ओझा ने सफलता का परचम लहराने वालो को माला पहनाकर मिठाई खिलाई। संरक्षक विभवभूषण शुक्ल ने बताया कि इस वर्ष जेईई एडवांस की परीक्षा विद्यालय के कई छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया। इस मौके पर रमेश पाल तिवारी, योगेन्द्र शुक्ल, प्रदीप शर्मा, आशुतोष पाण्डेय, पीके श्रीवास्तव, महेन्द्र पाठक आदि मौजूद रहे।

## स्थगन आदेश के बाद भी निर्माण पर पीड़ित पहुंचा कोतवाली

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के रायपुर गांव में न्यायालय में स्थगन आदेश के बावजूद भी आरोपी जबरन जमीन पर कब्जा कर रहे हैं जिस पर पीड़ित ने पट्टी कोतवाली में पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रायपुर गांव के रहने वाले नन्हे का आरोप है कि उसके घर के समीप जमीन का विवाद है जिसका स्थगन आदेश न्यायालय से मिला हुआ है लेकिन विपक्षी उस पर लगातार निर्माण कर रहे हैं विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो जाते हैं जिसको लेकर पूर्व में भी मारपीट हुई है पीड़ित ने मामले में नामजद तहरीर देकर पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है।

### खबर संक्षेप

## पश्चिम शरीरा में बसपा की रैली में सतीश मिश्रा का आगमन तय

**कौशाम्बी।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यक्रम पश्चिम शरीरा के दंगल मैदान में 1 दिसंबर 2021 को समय सुबह 10:00 बजे बसपा द्वारा आयोजित किया गया है बसपा के इस कार्यक्रम में पार्टी के मुख्य अतिथि बसपा के राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र मिश्रा उपस्थित भीड़ को संबोधित करेंगे कार्यक्रम में सभी स्तर के पदाधिकारियों के साथ बामसेफ तथा बी बीएफ ब्राह्मण समाज के साथ अन्य सभी वर्ग के सम्मानित साथियों से बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार गौतम ने अपील करते हुए कहा है कि आप सभी से अनुरोध है कि आप सब उक्त सभा में उपस्थित होकर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव बसपा सतीश मिश्रा के विचारों को सुनें।

# ससुरालियों से त्रस्त विवाहिता जिंदा जली मौत

**कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज कस्बे में रविवार की आधी रात को आग से जल रही विवाहिता बचाव में चार मंजिल ऊपर छत से कूदी**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज कशिया रोड में एक विवाहिता ने ससुराली जनों की प्रताड़ना से आजिज आकर रविवार की आधी रात में पेट्रोल डालकर आग लगा लिया आग लगते ही विवाहिता तेज लपटों से जलने लगी बचाओ बचाओ की आवाज लगाकर विवाहिता घर के चार मंजिल ऊपर छत पर पहुंची और घर के चार मंजिल छत से नीचे कूद पड़ी बीभत्स तरीके से जल जाने से विवाहिता की मौके पर मौत हो गई है मामले की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी सिराथू स्थानीय थाना और पुलिस चौकी के जवान मौके पर पहुंचे हैं और विवाहिता की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना क्रम में बताया जाता है कि सिराथू कस्बे के रहने वाले राम चंद्र केसरवानी ने अपनी पुत्री रजनी केसरवानी की शादी 25 जनवरी 2014 को मूरतगंज कस्बे के कासिया रोड के रहने वाले रामगोपाल केसरवानी बरीपुर वाले के पुत्र अतुल केसरवानी के साथ हिंदू रीति रिवाज से की थी कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज कशिया की विवाहिता रजनी केसरवानी का आए दिन ससुराली जनों से विवाद हुआ करता था बताया जाता है कि अतुल शराब का बेहद शौकीन हो चुका है और पूरे दिन भर शराब पीकर उत्पात मचाता है इस बात का विरोध उसकी पत्नी रजनी करती थी ससुराल की प्रताड़ना से त्रस्त होकर विवाहिता ने आत्महत्या का निर्णय कर लिया रविवार की रात फिर पति और ससुराली जनों से विवाहिता का जमकर विवाद हुआ बार-बार की प्रताड़ना से आजिज आकर विवाहिता ने पेट्रोल डालकर आग लगा लिया जिससे विवाहिता तेज लपटों से जलने लगी मौके पर मौजूद ससुराली जनों ने उसे बचाने का प्रयास नहीं किया तेज लपटों से जल रही विवाहिता घर के चार मंजिल ऊपर छत पर पहुंची और बचाव बचाव की आवाज लगाते वह चार मंजिल ऊपर की छत से नीचे खेत की ओर कूद पड़ी जिससे घटनास्थल पर तड़प तड़प कर रजनी 29 वर्ष की दर्दनाक तरीके से विवाहिता की मौत हो गई है विवाहिता की दर्दभरी आवाज सुनकर आसपास के लोग घर से बाहर निकल आए लेकिन किसी ने विवाहिता को बचाने का प्रयास नहीं किया पूरा मोहल्ला विवाहिता की मौत पर तमाशबीन बना रहा। विवाहिता की मौत की आधी रात को ही सूचना स्थानीय पुलिस चौकी थाना पुलिस और क्षेत्राधिकारी को मिल गई जिस पर क्षेत्राधिकारी सिराथू पुलिस बल के साथ आधी रात को ही घटनास्थल पर पहुँचे और मृतक विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया विवाहिता रजनी की मौत की जानकारी उसके पिता रामचंद्र को मिली तो वह दर्जनों लोगों के साथ आधी रात को ही घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

### आत्महत्या की बात मानने को तैयार नहीं मोहल्ले वासी

**कौशाम्बी।** मूरतगंज कशिया की विवाहिता रजनी केशरवानी की आत्महत्या की बात उसके ससुराली जन कर रहे हैं लेकिन यह बात भी मोहल्ले वाले मानने को तैयार नहीं है विवाहिता का अक्सर विवाद होता था तो रविवार की आधी रात को विवाहिता से विवाद के बाद उसे पेट्रोल लाकर किसने दिया है इस बात का उत्तर ससुराली जनों के पास नहीं है जिससे विवाहिता की आत्महत्या पर भी सवाल उठने लगे है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत साथी घायल

**कौशांबी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र में एक बाइक सवार को कार ने टक्कर मार दिया है जिससे एक युवक की इलाज को ले जाते वक्त रास्ते में मौत हो गई और उसका साथी गंभीर घायल है घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक फतेहपुर जनपद के सुल्तानपुर घोष थानांतर्गत जगजीवनपुर गांव निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र रमेश चंद्र अपने साथी जय सिंह के साथ राजापुर गए थे जहां से वह रविवार की देर रात वापस अपने गांव जा रहे थे जैसे ही दोनों युवक यमुना नदी का पुल पार कर महेवा घाट की ओर आगे बढ़े कि तेज गति कार ने पीछे से बाइक सवारों को टक्कर मार दिया हादसे के बाद पुलिस ने एंबुलेंस से दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा रास्ते में वीरेंद्र कुमार की मौत हो गई और जयसिंह का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

# बेटा-बेटी एक समान मेरी बेटी मेरा स्वाभिमान : विधायक संजय गुप्ता



रिद्धि सिद्धि द्वारा आयोजित परीक्षा में शामिल छात्राएं

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर रानी लक्ष्मीबाई प्रतिभा खोज परीक्षा विधानसभा चायल के 7 परीक्षा केंद्रों पर सोमवार को संपन्न कराई गई रिद्धि सिद्धि सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस परीक्षा की व्यवस्था ट्रस्ट के अध्यक्ष चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता स्वयं देख रहे हैं इस मौके पर उन्होंने बताया कि पिछली बार की तुलना में इस वर्ष बड़ी संख्या में बेटियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया परीक्षा केंद्रों पर संख्या अधिक होने के कारण दो पालियों में परीक्षा कराई गई एक सप्ताह के अंदर अधिकृत एजेंसी द्वारा परीक्षा परिणाम तैयार कर लिया जाएगा और फिर एक भव्य कार्यक्रम रानी लक्ष्मी बाई सम्मान समारोह के माध्यम से प्रतिभाग की हुई बेटियों के मेरिट के आधार पर 40 बेटियों को स्कूटी का पुरस्कार व अन्य सभी प्रतिभागी बेटियों को रानी लक्ष्मीबाई उपहार से सम्मानित किया जाएगा इस कार्यक्रम में देश प्रदेश की कई विभूतियां सम्मिलित होगी साथ ही बेटियों के सम्मान में एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी विधायक श्री गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम की तारीख मुख्य अतिथि से समय तय होने के बाद घोषित की जाएगी यह कार्यक्रम प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के रूप में एक संदेश के रूप में मनाया जाएगा इस परीक्षा की संयोजिका श्रीमती सीमा पवार सहित उनके सहयोगी एनडी ग्रुप प्रिंसिपल मयंक मिश्रा, किडजी प्रीस्कूल अनूपमा जयसवाल, ऋषि कुमार सिंह,अकान्त गुप्ता सहित विद्यालय टीचर स्टाफ ने परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

### रिद्धि सिद्धि ट्रस्ट द्वारा आयोजित परीक्षा में शामिल हुए 9462 परीक्षार्थी

**कौशाम्बी।** केपीएस स्कूल भरवारी एन डी कॉन्वेंट भरवारी कौशांबी डिग्री कॉलेज आदर्श इंटर कॉलेज सराय अकिल बनवारी लाल गौतम बालिका इंटर कॉलेज महर्षि इंटर कॉलेज मनौरी हरिराम कृष्णा देवी बालिका महाविद्यालय चरवा में प्रथम पाली 11:00 बजे से 12:00 बजे तक 5307 बच्चों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया और दूसरी पाली 1:00 से 2:00 तक 4135 परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया टोटल 9462 बच्चों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया।

# सेंट फ्रांसिस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बड़े धूमधाम से मनाया गया बाल महोत्सव

**प्रबंधक ने कहा कि शिक्षक शिक्षिकाएं अपने बच्चों के लिए बहुत बड़े रोल मॉडल होते हैं**

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशांबी।** बेरुआ स्थित सेंट फ्रांसिस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बड़े ही धूमधाम के साथ बाल महोत्सव मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के उत्साह वर्धन एवं बच्चों के प्रति अपनी भूमिका व जिम्मेदारी से संबंधित अनेकानेक रंगारंग कार्यक्रम लघु नाटिका गीत संगीत से युक्त प्रेरणादायक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। विद्यालय के प्रबंधक रोशन लाल वत्स ने बच्चों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के इस कार्यक्रम के माध्यम से मुझे यह भली-भांति ज्ञात हुआ कि वाकई में शिक्षक- शिक्षिकाएं अपने बच्चों के लिए बहुत बड़े रोल मॉडल होते हैं। शिक्षकों की समाज के प्रति सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है। वह जैसा चाहे वैसा नागरिक इस देश के लिए तैयार कर सकते हैं, क्योंकि जिस प्रकार शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आज विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति एक मझे हुए कलाकार कि भांति सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के साथ ही साथ बच्चों के खानपान हेतु विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाकर उनके मनोरंजन के साथ ही साथ उन्हें जो प्रेरणा देने का कार्य किया है, वह वाकई में सराहनीय है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात प्रबंधक रोशन लाल वत्स ने फीता काटकर महोत्सव का शुभारंभ किया इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रधानाचार्य जेराल्ड पी डिसोजा सहित जीतेंद्र प्रताप सिंह, अंजना त्रिपाठी, अवनीश शुक्ला, पवन मिश्रा, रंजना पांडे, आसिम खान, सुशेद्र सिंह, निधि मिश्रा, सीमा सिंह, नरगिस खान, कीर्ति श्रीवास्तव, नेहा गुप्ता, बलवंत शाह, नीलम यादव, एजाज अहमद, सुभाष शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



विद्यालय में बाल महोत्सव मनाते छात्र और शिक्षिकाएं

## सांसद खेल महोत्सव से गॉव की प्रतिभाओं को मिलेगा मौका : प्रभारी मंत्री

**कौशाम्बी।** विकास परिषद के तत्वाधान में आयोजित सांसद खेल महोत्सव सांसद ट्राफी का संसदीय स्तर पर ब्लाक बिजेताओं की प्रतियोगिता का उद्याटन आज पुलिस लाइन स्थित जिला स्पोट्स स्टेडियम में सम्पन्न हुआ जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री व कौशाम्बी के प्रभारी मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय रहें। उक्त प्रतियोगिता आज 29 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक आयोजित की जायेगी। 4 दिसम्बर को संसदीय स्तरीय फाइनल विजेताओं को पुरस्कार का वितरण कार्यक्रम होगा जिसमें मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री भारत सरकार द्वारा होगा। बतौर मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री बोलते हुये कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये जरूरी है। सइसी कडी में कौशाम्बी विकास परिषद के संयोजक व भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि सांसद ट्राफी खेल महोत्सव बहुत ही अच्छी शुरूआत है। आने वाले समय में वह दिन दूर नही है जब सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से गॉव -गॉव से सभी विधाओं के खिलाड़ी उभर कर ब्लाक और जिला ही नही बल्कि प्रदेश देश व अर्न्तराष्ट्रीय स्तर देश व अपने गॉव का नाम रोशन करेगें और उसी दिन यह महसूस होगा कि हम लोगो द्वारा किया गया छोटा स प्रयास सार्थक हुआ है। साथ ही उन्होने यह भी कहा कि यह खेल महोत्सव को आगे कौशाम्बी का खेल का महाकुम्भ बनाने का काम किया जायेगा। उन्होने घोषणा किया कि अब सांसद ट्राफी का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जायेगा। चुनाव प्रचार के दौरान लोग सभा में भ्रमण करते समय मुझे गावों में तमाम तरीके के खेल खेलते हुये बच्चो को देखता था। तभी से मेरे मन मे विचार आया कि इन बच्चों की प्रतिभाओं को मौका मिलना चाहिये और आज निश्चित तौर पर वह दिन आ गया जब गॉव के हर प्रतिभाशाली बच्चों को आगे बढ़ने का मौका सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से मिलेगा। इस दौरान सदर विधायक लाल बहादुर ने अपने विचार रखते हुये कहा कि पूर्वती सरकारों द्वारा कभी भी खेल को ग्रामीण स्तर पर खेल को बढ़ावा नही दिया गया जिससे गॉवों के बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने का मौका नही मिला। इसी दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी सिराथू के विधायक शीतला प्रसाद पटेल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम मे र्प्रमुख रूप से जय सिंह पटेल, भूपेन्द्र सिंह पटेल, शिवाकन्त मिश्रा, भइयन पासी, दिनेश सोनकर, रमेश पाल, शिव केशरवानी, मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी, जिला पंचायत अधिकारी, साथ ही बिओं पी0आर0डी0 स्वाती पाण्डेय, नाजुक जहॉ, छंगूराम सरोज, जिला कीड़ा अधिकारी रूस्तम आदि लोग उपास्थित रहे। उक्त आशय की जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडेय ने दी।

## पहले प्रेमी को छोड़कर दूसरे प्रेमी के साथ भाग गई विवाहिता

अखंड भारत संदेश

**पिपरी कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव निवासी मुकेश कुमार पुत्र अमृतलाल से प्रेम विवाह कर के आठ वर्ष पूर्व घर आई महिला कैकसा देवी उम्र 26 वर्ष मुकेश को छोड़कर 23 नवंबर को दूसरे प्रेमी करन के साथ भाग गई है महिला के घर छोड़कर भाग जाने के बाद पहले प्रेमी मुकेश कुमार ने स्थानीय पुलिस चौकी और थाना पुलिस को तहरीर देकर पत्नी को बरामद करने की मांग की है मुकेश कुमार ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी कैकसा देवी जब घर से जा रही थी तो 12 हजार रुपए नगद और लगभग 40 हजार रुपए कीमत के जेवर वह साथ ले गई है दूसरे प्रेमी के साथ भागी महिला अपने दो छोटे छोटे बच्चों को घर पर पहले प्रेमी के पास छोड़ गई है मामले की तहरीर पहले प्रेमी ने पुलिस को दे कर महिला को बरामद करने की मांग की है मुकेश कुमार का कहना है कि महिला दिल्ली में दूसरे प्रेमी करन के साथ है लेकिन पुलिस उसे बरामद नहीं कर रही है मुकेश का कहना है कि इसके पहले कई बार और कैकसा देवी प्रेमी के साथ भाग चुकी है बताया जाता है कि प्रयागराज जिले के असरावे कला गांव की एक महिला से मुकेश ने 8 वर्षों पहले प्रेम विवाह किया था जिनके उत्तरा 4 वर्ष और सृष्टि 3 वर्ष दो संतानें हैं।

# सड़क बनाने के नाम पर सिद्धपीठ हनुमान मंदिर को तोड़ने से ग्रामीणों में आक्रोश

**मंदिर तोड़कर सड़क बनाए जाने पर पुजारी ने कहा कि यह बात ईश्वर को अच्छी नहीं लगेगी और ईश्वर का चाबुक चला तो सड़क बनाने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों का नाश हो जाएगा पूरा वंश**

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशांबी।** राष्ट्रीय राजमार्ग के कोखराज थाना अंतर्गत कशिया पश्चिम गांव मे अनादिकाल से हनुमान जी का सिद्धपीठ मंदिर सड़क किनारे स्थापित है इस मंदिर में दूर दूर के भक्तों की श्रद्धा है और पूजा अर्चन करने भक्त हनुमान मंदिर आते हैं शनिवार मंगलवार को इस मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ लगती है कीर्तन भजन अखंड रामायण पाठ भंडारे का आयोजन इस मंदिर में अक्सर चलता रहता है।

राष्ट्रीय राजमार्ग के फोरलेन निर्माण के चलते एक बार मंदिर के चबूतरे और आगे के हिस्से को सड़क में शामिल कर लिया गया है दोबारा फिर सिक्स लेन सड़क बनाने के चक्कर में हनुमान जी के प्राचीन सिद्धपीठ मंदिर को जेसीबी मशीन लगाकर सड़क निर्माण के ठेकेदारों द्वारा ध्वस्त कराया जा रहा है इसी मंदिर परिसर में कई साधु संत की समाधि भी बनी है सड़क निर्माण में लगे ठेकेदार साधु संत के समाधि को भी ध्वस्त कर रहे हैं मंदिर के पुजारी प्रवीण कुमार महाराज ने ठेकेदारों को मंदिर ध्वस्त करने से मना किया जिस पर ठेकेदारों ने पुजारी से अभद्रता की है। प्राचीन सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर के पुजारी से अभद्रता की जानकारी जैसे ही आसपास के ग्रामीणों और हिंदू संगठनों को हुई मौके पर तमाम ग्रामीण एकत्रित हो गए हैं बताया जाता है कि हनुमान जी का यह सिद्ध पीठ मंदिर 400 वर्ष से अधिक पुराना है मंदिर तोड़कर सिक्सलेन सड़क बनाए जाने से ग्रामीणों के बीच जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है लेकिन फिर भी सड़क निर्माण में लगे ठेकेदारों के कारनामे को प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया है ग्रामीणों का कहना है कि यदि मंदिर तोड़कर सड़क बनाई गई तो यह बात ईश्वर को अच्छी नहीं लगेगी और ईश्वर का चाबुक चला तो सड़क बनाने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों का पूरा वंश नाश हो जाएगा मंदिर तोड़े जाने के पूर्व इस मामले की शिकायत मंदिर के पुजारी महंत प्रवीण कुमार ने केंद्रीय मंत्री परिवहन नितिन गडकरी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ जिलाधिकारी कौशांबी से कई महीने पूर्व शिकायत कर मंदिर को बचाए जाने की मांग की थी लेकिन उनके तमाम शिकायती प्रार्थना पत्रों के दिए जाने के बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी और ठेकेदार हनुमान जी के प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर को तहस-नहस करने में लगे हैं मंदिर तोड़े जाने से विश्व हिंदू परिषद और हिंदू संगठनों में भी जबरदस्त रोष व्याप्त है जिसका खामियाजा आने वाले विधानसभा चुनाव में सरकार को भुगतना पड़ सकता है।



प्राचीन सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर को तोड़ता जेसीबी मशीन

### श्रद्धालुओं से भरी वैन पलटी आधा दर्जन लहूलुहान

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज मितवापुर पेट्रोल टंकी के पास श्रद्धालुओं से भरी एक वैन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई है जिससे वाहन में सवार आधा दर्जन श्रद्धालु लहूलुहान हो गए हैं घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है खबर लिखे जाने तक घटना की अधिक जानकारी नहीं मिल सकी है।

### अवैध वाहनों के सहारे स्कूल पहुंचाए जा रहे छात्र

**कौशांबी।** जिले के पश्चिम सरीरा सहित तमाम इलाकों के निजी स्कूलों में चलने वाले छोटे बड़े वाहन के पास रजिस्ट्रेशन और बीमा नहीं हैं डग्गामार खटारा वाहन विद्यालयों में बच्चों को लाने ले जाने में लगे हुए हैं जिससे बच्चों की जिंदगी खतरे में है लेकिन अवैध तरीके से स्कूलों में चल रहे वाहनों की ओर अधिकारियों की नजर नहीं है बीते वर्षों में स्कूलों के अवैध वाहनों से कई बड़े हादसे हो चुके हैं जिस पर प्रदेश सरकार ने सभी जिले को पत्र भेजकर स्कूल में संचालित अवैध वाहनों पर कठोर कार्यवाही का निर्देश दिया था लेकिन शासन के निर्देश के बाद भी स्कूलों में चलने वाले अवैध वाहनों पर कार्यवाही नहीं हो सकी है जिससे स्कूली छात्रों के सिर पर मौत मंडरा रही है।

# जाम में फंस रहे भरवारी कस्बा को नहीं मिल पा रही निजात

**लोगो ने मनौरी सिराथू खागा फतेहपुर की तरह भरवारी में भी ओवर ब्रिज की मांग की**

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के रेलवे क्रासिंग पर दिन प्रतिदिन जाम की समस्या विकराल होती जा रही है ऐसा कोई दिन नही है जिसमे स्कूली बच्चो की बस घंटो जाम में ना फसी रहती हो जिसके वजह से बच्चो संग अभिभावकों को भी जाम का कोप भाजन बनना पड़ता है इस जाम के झाम में कस्बा भरवारी बुरी तरह से फसता हुआ दिखाई देता है हालांकि इस जाम के चक्कर मे कितने स्कूली बच्चो का रो रोकर बुरा हाल हो जाता है वही कितने गम्भीर बीमारियों से ग्रसित मरीज गेट के जाम के झाम से गतब्य अस्पताल तक नही पहुच पाते है और अपनी जीवन लीला समाप्त कर मौत के मुंह मे समा जाते है। ऐसी ही समसया मनौरी सिराथू खागा व फतेहपुर में भी रेलवे क्रासिंग पर थी लोग जाम में फंस जाया करते थे जिसको रेलवे के उच्च अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए कस्बे में ओवर ब्रिज बनवाकर बहुत बड़ी समसया का निदान कर दिया। ऐसा नही है कि भरवारी वाले दुकान दार भी प्रभावित हो रहे है जिनकी दुकानदारी भी आधी से भी कम हो गये है अब स्थानीय दुकानदारों ने भी कहना शुरू कर दिया है कि या तो ओवर ब्रिज बने या फिर कोई ओर विकल्प तैयार किया जाए जिससे अन्य कस्बो के रेलवे स्टेशन की तरह भरवारी को भी सुबिधा प्राप्त हो सके तभी भरवारी कस्बा को भी जाम के झाम से छुटकारा मिल सकता है। यहां यह भी बताना आवश्यक है कि कस्बा भरवारी जनपद का एक मात्र शिक्षा का हब है जहाँ पर दर्जनों इंग्लिश मीडियम व इंटर कॉलेज के अलावा दर्जनों महाविधालय भी है जिसके चलते जनपद में प्रत्येक जगह से भरवारी कस्बे में बच्चे पड़ने आते है सभी लोग इस समस्या से ग्रसित रहते है।



भरवारी रेलवे फाटक पर लगे जाम कर दृश्य

### राजनैतिक दलों के साथ डीएम ने की बैठक

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा सम्राट उदयन सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदेय स्थलों के सम्भाजन उपरान्त संशोधन के सम्बन्ध में बैठक की। बैठक में बताया गया कि मंझनपुर विधानसभा क्षेत्र के एक मतदेय स्थल तथा चायल विधानसभा क्षेत्र के एक मतदान केन्द्र के तीन मतदेय स्थलों के भवन में संशोधन के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराये गये है। विचार-विमर्श उपरान्त मंझनपुर विधानसभा क्षेत्र के 289-उच्च प्राथमिक विद्यालय मझियारी चक ऐलई रोशन के स्थान पर 289-पंचायत भवन मझियारी चक ऐलई रोशन किया गया है। इसी प्रकार चायल विधानसभा क्षेत्र के 27-प्राथमिक विद्यालय मारूफपुर पूर्वी भाग के स्थान पर 27-पंचायत भवन मारूखपुर कक्ष संख्या-01 एवं 28-प्राथमिक विद्यालय मारूफ पुर पश्चिम भाग के स्थान पर 28-पंचायत भवन मारूफपुर कक्ष संख्या-02 तथा 100 पंचायत भवन सैयद सरांवा के स्थान पर 100 प्राथमिक विद्यालय सैयद सरांवा किया गया है।

# यूपीटीईटी की परीक्षा निरस्त होने से मायूस लौटे छात्र छात्राएं

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** अचानक यूपीटीईटी की परीक्षा निरस्त कर दिए जाने से परीक्षा केंद्र में बैठे छात्र-छात्राएं निराश हो गए हैं और सरकार पर जमकर अपनी भड़ास निकालते हुए वह केंद्र से बाहर लौट गए हैं नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत कस्बा भरवारी में यूपीटीईटी की परीक्षा होनी थी छात्र एवम छात्रायें दूर दूर से आकर अपने अपने परीक्षा केंद्र में पहुचकर परीक्षा देने के लिए तैयार अपने अपने कक्ष में बैठकर पेपर का इंतजार कर ही रही थी कुछ देर बाद पेपर कापी भी कक्ष में बाट दिया गया कुछ ही देर में छात्र अपनी कापी में नाम रोलनंबर लिखकर तैयारी कर ही रहे थे तभी सूचना प्राप्त हुई कि सभी के पेपर कॉपी वापस ले लिया जाए आज का पेपर निरस्त हो गया है।यह सुनते ही बहुत दूर दूर से परीक्षा केंद्र आए छात्र एवम छात्राओ के चेहरे पर मायूसी छा गयी और सभी लोग सरकार को कोसते हुए परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते हुए अपने अपने गंतब्य को रवाना हो गये यूपीटीईटी की परीक्षा केंद्र भवंस मेहता महाविधालय भवंस मेहता विद्या आश्रम नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में हजारो की संख्या में मौजूद छात्र छात्राओं को निराश होकर वापस लौटना पड़ा है।



परीक्षा रद्द होने के बाद मेहता कॉलेज के बाहर मौजूद छात्र छात्राएं

## सम्पादकीय

# गरीबी इंडेक्स के मायने

मल्टी डाइमेंशनल इंडेक्स रिपोर्ट के लिए जरूरी आंकड़े नैशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (एनएफएचएस) की 2015-16 की रिपोर्ट से लिए गए हैं और इस लिहाज से ये पांच साल पहले के हालात का ब्योरा पेश करते हैं। नीति आयोग की ओर से जारी की गई पहली मल्टी डाइमेंशनल पॉवर्टी इंडेक्स (एमपीआई) रिपोर्ट जहां अलग-अलग राज्यों के हालात का ब्योरा देती है, वहीं नीति निर्धारकों के लिए एक नई और बेहतर कसौटी भी मुहैया कराती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, अगर 51.9 फीसदी गरीब आबादी के साथ बिहार गरीब राज्यों की सूची में सबसे ऊपर है औ? 0.71 फीसदी गरीब आबादी के साथ केरल सबसे नीचे तो अपने आप में यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है। ऊपर और नीचे के कुछ और राज्य देखें तो अपेक्षा के अनुरूप ही बिहार के साथ झारखंड, यूपी और मध्य प्रदेश खड़े मिलते हैं, जबकि केरल के साथ गोवा, सिक्किम और तमिलनाडु। साफ है कि आम लोगों तक आवश्यक सुविधाएं पहुंचाने और उनका जीवन स्तर ऊंचा करने के मामले में कुछ राज्यों ने उल्लेखनीय सफलता पाई है, जबकि कुछ अन्य राज्य इस मामले में बहुत पीछे हैं। मगर इसका ठीक-ठीक अंदाजा हमें पूंजी निवेश या प्रति व्यक्ति आय के आंकड़ों से नहीं मिलता। इसीलिए ऐसे खास मानकों की जरूरत होती है, जिससे पता चले कि विभिन्न सरकारों द्वारा शुरू की गई और चलाई जा रही योजनाओं और नीतियों का जमीन पर कैसा और कितना प्रभाव पड़ रहा है, उससे आम नागरिकों के जीवन में किस तरह के और कितने बदलाव आ रहे हैं।

इस संदर्भ में नीति आयोग की यह मल्टी डाइमेंशनल इंडेक्स रिपोर्ट अहम हो जाती है। हालांकि इसके लिए जरूरी आंकड़े नैशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (एनएफएचएस) की 2015-16 की रिपोर्ट से लिए गए हैं और इस लिहाज से ये पांच साल पहले के हालात का ब्योरा पेश करते हैं। लेकिन इसकी असल अहमियत इसकी मेथडॉलजी में निहित है। एमपीआई समान महत्व के तीन कारकों- स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर- के आधार पर स्थिति का आकलन करता है और इसके लिए 12 इंडिकेटर्स का उपयोग हुआ है। यह महज गरीबी रेखा के आधार पर गरीबी नापने के पारंपरिक तरीके से निश्चित रूप से अलग है। यह 2015 में 193 देशों द्वारा अपनाए गए सस्टेनेबल डिवेलपमेंट गोल (एसडीजी) के वैश्विक फ्रेमवर्क के अनुरूप है। जहां तक पिछले पांच साल के दौरान हुई प्रगति का सवाल है तो जैसा कि नीति आयोग का कहना है, एनएफएचएस के ताजा सर्वे के सभी आंकड़े जारी होने के बाद इसके आधार पर बनाई जाने वाली दूसरी एमपीआई रिपोर्ट में वह भी कवर हो जाएगी, लेकिन असली चुनौती केंद्र और राज्य सरकारों के लिए यह है कि वे अपनी नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों को नीति आयोग द्वारा मुहैया करवाई गई इस कसौटी पर कसते हुए आगे बढ़ें। चाहे देश में पूंजी निवेश बढ़ाने की बात हो या जीडीपी की रफ्तार तेज करने की, इन सबका आखिरी हासिल तो यही होता है कि उससे देश के सामान्य लोगों के जीवन तक कितनी सुविधाएं पहुंचीं, उसमें कितनी क्वॉलिटी आ सकी। इसीलिए यह भी जरूरी है कि सरकार की उपलब्धियों को ऐसे मानकों पर कसने का सिलसिला किसी वजह से थमने न दिया जाए।

# खतरनाक साबित हो सकता है कोरोना का ओमीक्रोन वेरिएंट

**योगेश कुमार गोयल**

अभी तक लाखों लोगों की जान ले चुके कोरोना वायरस के नए वेरिएंट बी.1.1.529 को लेकर दुनिया भर में दहशत है। कोरोना के इस वेरिएंट के कहर से बचने के लिए दुनिया भर की सरकारें चेतावनी दे रही हैं, वहीं इसके संभावित हमले के चलते शेयर बाजार भी धड़ाम हो रहे हैं। बी.1.1.529 वेरिएंट को टीका प्रतिरोधी तथा कोरोना का अभी तक का सबसे खतरनाक वेरिएंट बताया जा रहा है, जो इम्यूनिटी को तेजी से मात देने में कुशल है। इस वायरस के स्पाइक प्रोटीन में वायरस के अन्य स्वरूपों की तुलना में अधिक परिवर्तन पाया गया है और स्पाइक में होने वाले बदलावों के कारण ही यह वैक्सीन को भी आसानी से चकमा देने में सक्षम है। बोत्सवाना में मिला यह वेरिएंट वायरस का सबसे म्यूटेंट वर्जन है, जिसके स्पाइक प्रोटीन में 32 म्यूटेशन देखने को मिले हैं और इसी कारण इससे बहुत तेजी से संक्रमण फैलने की आशंका जताई जा रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा नए वेरिएंट बी.1.1.529 को ह्यओमीक्रोनह्ल नाम दिया गया है, जो ग्रीक वर्णमाला का 15वां शब्द है। दरअसल वेरिएंट्स का नाम डब्ल्यूएचओ ग्रीक वर्णमाला के शब्दों के अनुसार ही रखता है। फिलहाल ओमीक्रोन नामक जो वेरिएंट पूरी दुनिया के लिए चिंता का सबब बन रहा है, उसके बारे में विशेषज्ञों का मानना है कि यह हवा से भी फैल सकता है और इसीलिए चिंता का सबसे बड़ा कारण यही है कि ऐसे में सामाजिक दूरी जैसे नियम भी इस वेरिएंट से निपटने में फेल हो सकते हैं। यूके स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी के मुख्य चिकित्सा सलाहकार डॉ. सुसान हॉपकिंस का कहना है कि कोरोना का यह वेरिएंट दुनियाभर में प्रमुख डेल्टा स्ट्रेन सहित अन्य किसी भी वेरिएंट के मुकाबले बदतर होने की क्षमता रखता है। बोत्सवाना के अलावा दक्षिण अफ्रीका, हांगकांग, इजरायल, जर्मनी, ब्रिटेन सहित कई देशों में इसके अनेक मामले सामने आ चुके हैं। यही कारण है कि वायरस के इस रूप को भारत सहित लगभग सभी प्रमुख देशों द्वारा गंभीरता से लिया जा रहा है और कई देशों द्वारा दक्षिण अफ्रीका की विमान यात्रा पर प्रतिबंध लगाया गया है। बी.1.1.529 वेरिएंट को डेल्टा के मुकाबले बहुत ज्यादा खतरनाक इसलिए माना जा रहा है क्योंकि बड़ी तबाही लाने वाले डेल्टा वेरिएंट में जहां स्पाइक प्रोटीन में दो म्यूटेशन हुए थे, वहीं ओमीक्रोन में अब तक 50 से ज्यादा म्यूटेशन मिल चुके हैं, जिनमें से 32 म्यूटेशन केवल इसके स्पाइक प्रोटीन में ही हुए हैं। डेल्टा वेरिएंट जितना करीब 100 दिनों में फैला था, ओमीक्रोन उतना 15 दिनों में ही फैल चुका है अर्थात यह डेल्टा के मुकाबले करीब सात गुना तेजी से फैल रहा है। यूसीएल जेनेटिक इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रो. फ्रेंकोइस ब्लौक्स का कहना है कि एक ही वेरिएंट में इतने सारे म्यूटेंट का पाया जाना इस बात की ओर इशारा करता है कि यह कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों के लिए एक बड़ा खतरा हो सकता है। प्रो. फ्रेंकोइस का मानना है कि संभवतः बी.1.1.529 वेरिएंट किसी ऐसे एचआईवी या एड्स रोगी से विकसित हुआ है, जिसका इलाज नहीं हुआ हो।

शरीर की कोशिकाओं में प्रवेश करने के लिए कोरोना वायरस स्पाइक प्रोटीन का सहारा लेता है। अधिकांश कोविड वैक्सीन का हमला स्पाइक प्रोटीन पर ही होता है और चूंकि नए वेरिएंट के स्पाइक प्रोटीन में ही बहुत ज्यादा म्यूटेशन हुए हैं, इसीलिए संभावना व्यक्त की जा रही हैं कि यह वेरिएंट कोविड टीकों को बेअसर करने में सक्षम हो सकता है। इन धारणाओं को इसलिए भी बल मिलता है क्योंकि नए वेरिएंट से संक्रमित कुछ ऐसे मरीज मिले हैं, जिनमें से कुछ ने वैक्सीन की पूरी डोज ले ली थी और कुछ ने तो बूस्टर डोज भी ली थी। वायरस का नया वेरिएंट कोशिकाओं में प्रवेश करने और संक्रमण को फैलाने में अहम भूमिका निभा सकता है। यह स्ट्रेन रिसेप्टर रेकग्निशन तथा सेल मेम्ब्रेन फ्यूजन प्रक्रिया को शुरू करता है। इसके अलावा कोरोना का यह स्ट्रेन वैक्सीन के जरिये प्राप्त एंटीबॉडी को भी मात दे सकता है। इसीलिए कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि वैक्सीनेशन के बाद भी इतने सारे म्यूटेंट से बने वेरिएंट से बचना शरीर के लिए मुश्किल हो सकता है। साउथ अफ्रीका में बी.1.1.529 वेरिएंट जिस प्रकार कहर बरपा रहा है और अन्य देशों में जिस तेजी से फैल रहा है, उसी के मद्देनजर डब्ल्यूएचओ द्वारा ओमीक्रोन को ह्यवेरिएंट ऑफ कंसर्नह्ल घोषित किया जा चुका है। दरअसल डब्ल्यूएचओ ने चिंता जताते हुए माना है कि तेजी से फैलने वाला यह वेरिएंट लोगों के लिए काफी खतरनाक साबित हो सकता है। हालांकि एम्स के सेंटर फॉर कम्युनिटी मेडिसिन के डॉ. संजय राय कहते हैं कि यह एक नया वेरिएंट है, इसलिए अभी ह्यवेट एंड वॉचह्ल की पॉलिसी अपनानी होगी लेकिन उनका यह भी कहना है कि इस बात की संभावना है कि यह आपकी मौजूदा इम्यूनिटी को बाईपास कर सकता है और यदि ऐसा ही है तो यह बेहद गंभीर मामला है। बी.1.1.529 वेरिएंट के सामने आने के बाद वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि टीकों के प्रति अधिक प्रतिरोधी वायरस के नए स्वरूपों की संख्या बढ़ सकती है और ऐसे में कोरोना के गंभीर लक्षण वाले मामलों में वृद्धि हो सकती है। ऐसे में पूरी सतर्कता के साथ कोरोना प्रोटोकॉल को देशभर में सख्ती से लागू किया जाना बेहद जरूरी है ताकि देश को दूसरी लहर जैसी भयानक परिस्थितियों का सामना न करना पड़े।

# एनपीएस के विरोध में क्यों हो रहे आंदोलन

**नरपतदान बारहठ**

देश भर के करोड़ों सरकारी कार्मिकों का संगठन ह्यनेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीमह्ल नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) के विरोध में और पुरानी पेंशन लागू करवाने के लिए यों तो सालों से आंदोलन कर रहा है लेकिन अहम चुनावों के दौरान यह खास तौर पर ध्यान खींचने लगता है। तब कई राजनीतिक पार्टियां भी पुरानी पेंशन योजना लागू करने के वादे करती हैं। हालांकि चुनाव खत्म होते-होते वे इन वादों को भूल भी जाती हैं और फिर वही ढाक के तीन पात। पुरानी पेंशन मांगने वाले कार्मिकों को अब भी उम्मीद है कि सरकार उनके हित में कोई फैसला लेगी। नैशनल पेंशन स्कीम यानी एनपीएस से सेवानिवृत्ति के बाद जीवन निर्वाह के लिए भी पर्याप्त पेंशन राशि नहीं मिल पा रही है। इसका एक ताजा उदाहरण हाल ही में देखने को मिला। बीकानेर निवासी भंवर सिंह, अपर प्राइमरी स्कूल में प्रबोधक के रूप में जनवरी-2008 में नियुक्त हुए। सरकारी सेवा में लगने के लिहाज से उनकी उम्र अधिक थी। लेकिन उम्र में छूट मिलने की वजह से उन्हें नौकरी मिल गई। अभी 30 सितंबर 2021 को करीब 14 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर वह सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्ति के समय उनका अंतिम मूल वेतन करीब 60,000 रुपये प्रति माह था। उनकी सेवा नैशनल पेंशन स्कीम 2004 के अंतर्गत थी। अतः सेवा निवृत्ति के बाद उन्हें 60 फीसद राशि दी गई और बाकी 40 फीसद राशि से पेंशन प्लान दिया गया। अब उन्हें महज 2900 रुपये मासिक पेंशन स्वीकृत हुई है। और यह भी तब है जब कार्मिक ने हर माह अपने मूल वेतन का दस फीसद काटकर एनपीएस में निवेश किया, जो शेयर मार्केट में लगा।

आज के शेयर भाव के हिसाब से उन्हें वापस रिफंड मिला। चाहे शेयर बाजार कितना भी डाउन क्यों ना हो, मौजूदा भाव के अनुरूप ही पेंशन मिलनी है। अगर 14-15 साल की सेवा के बाद भंवरजी को 2900 पेंशन मिल रही है तो 30-35 साल की सेवा के बाद भी यह राशि कोई बहुत ज्यादा बढ़ जाएगी, ऐसा नहीं कहा जा सकता। जाहिर है, बुढ़ापे में जीवन निर्वाह को लेकर पूरी अनिश्चितता की स्थिति है। 2004 से पहले के कार्मिकों को पुरानी पेंशन स्कीम के तहत सेवानिवृत्ति के बाद अंतिम मूल वेतन के बराबर पेंशन स्वीकृत की जाती है। और इसके लिए उन्हें अपने पूरे सेवाकाल में मूल वेतन से कोई अन्य कटौती भी नहीं करवानी होती है। यह भी विडंबना ही है कि एक ही सेवा के कर्मियों को अलग-अलग पेंशन स्कीमों में रखा गया है। जो 2004 से पहले से कार्यरत हैं, वह पुरानी पेंशन का लाभ ले रहे है, जबकि 2004 के बाद के कार्मिक नैशनल पेंशन स्कीम के तहत कम मात्रा पेंशन ले पा रहे हैं। केंद्र ने जब 2004 में नैशनल पेंशन स्कीम लागू की तब राज्यों को अपने विवेक के हिसाब से पेंशन सिस्टम रखने का विकल्प दिया गया, लेकिन आज एनपीएस लागू होने के करीब 18 साल बाद केवल पश्चिम बंगाल को छोड़कर सभी राज्यों में एनपीएस लागू है। केवल पश्चिम बंगाल में पुरानी पेंशन के तहत कार्मिकों को अच्छी पेंशन मिल रही है। इसके अलावा हैरान करने वाली बात यह है कि विधायकों और सांसदों के लिए भी पुरानी पेंशन व्यवस्था रखी गई है। बहरहाल, महत्वपूर्ण बात यह है कि पेंशन सिस्टम राशि के कम या अधिक लेन-देन की औपचारिकता मात्र नहीं होती, यह सामाजिक न्याय के लिए एक अनिवार्य विषय है। बदलते सामाजिक ढांचे में बुजुर्ग आबादी संतानों द्वारा तिरस्कार और उपेक्षा का दंश झेलकर वृद्ध आश्रमों में बदहाल जीवन निर्वाह कर रही है। यह हाल देश में किसी से छुपा नहीं है। हाल ही में जारी एक अंतरराष्ट्रीय पेंशन स्कीम रिपोर्ट के सूचकांक में भारतीय पेंशन प्रणाली 43 प्रणालियों में से 40वें स्थान पर है। वहीं पर्याप्तता उप-सूचकांक में इसे सबसे कम रैंक मिला है। मर्सर सीएफए के इस वैश्विक पेंशन सूचकांक (टउऋढक) में कहा गया है कि भारत में पेंशन प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए रणनीतिक सुधारों की जरूरत है, ताकि भारत में रिटायरमेंट के बाद पर्याप्त आय सुनिश्चित की जा सके। अब जब वैश्विक स्तर पर भारतीय पेंशन प्रणाली इतनी कमजोर है तो इसमें सुधार करना बहुत जरूरी है।

# हम जैसा सोचते हैं, वैसा ही हो जाता है

**ब्रह्मकुमारी शिवानी**

सुबह-सुबह हमें सबका शुक्रिया करना चाहिए। सबसे पहले परमात्मा का जिनकी शक्ति और दुआओं से हम सुरक्षित हैं। फिर अपने शरीर और मन का जो स्वस्थ है। शुक्रिया करें अपने काम और साथ में काम करनेवाले साथियों का। धन्यवाद करें प्रकृति का, जिसने हमें जीवित रखा हुआ है। इस तरह शुक्रिया अदा करके हम पॉजिटिव और शक्तिशाली वाइब्रेशन फैलाते हैं। खुद के लिए और सबके लिए सुरक्षा का कवच बनाते हैं। जीवन और सृष्टि को स्वस्थ व सुरक्षित रखने के लिए सुबह उठने के बाद 10 सुनहरे संकल्पों को ध्यानपूर्वक अपनाएं। उन्हें हर दिन दोहराते रहें जिससे वह सिद्ध और साकार होंगे।

1. मैं पॉजिटिव और पावरफुल आत्मा हूं। यह न सोचें कि मुझे शक्तिशाली होना है या होना चाहिए। मैं पॉजिटिव और शक्तिशाली हूं। मुझ पर किसी नेगेटिव चीज या बातों का असर नहीं है।

2. मैं एक शांत स्वरूप आत्मा हूं। मुझमें भरपूर शांति की शक्ति होने की वजह से ईर्ष्या, घृणा और गुस्सा आदि मन के विकार और कोरोना जैसे तन के वायरस खत्म पड़े हैं।

3. मैं एक निर्भय आत्मा हूं। आसपास फैले डर के वातावरण का मेरे ऊपर कोई असर नहीं पड़ सकता है।

4. मेरा शरीर स्वस्थ और निरोगी है और हमेशा ऐसा ही रहेगा। ऐसे अच्छे संकल्प करने से कमजोर सोच खत्म हो जाएगी।

5. पांचवां संकल्प करें और अंतरमन में देखें। यह देखें कि परमात्मा की शक्ति और दुआओं का आभामंडल मेरे चारों ओर सुरक्षाकवच के रूप में मौजूद है। यह मुझे सभी नकारात्मक और नुकसान देने वाले तत्वों से दूर रखता है।

6. मेरी यह सकारात्मक सोच कि सुरक्षाकवच इतना शक्तिशाली है कि कोई भी नकारात्मक बातें, बोल या व्यवहार इस आभामंडल को भेदकर मेरे अंदर प्रवेश नहीं कर सकती। जैसे लोहा, लोहे को काटता है, ऐसे मेरी सबके लिए शुभ भावना व सद्भावना मुझे सभी प्रकार के अशुभ तत्वों से बचाएगी। ऐसा इसलिए क्योंकि सकारात्मक सोच की एनर्जी, नेगेटिव एनर्जी से कई गुणा शक्तिशाली है।

7. परम शक्ति और वरदानों का यह सुरक्षाकवच मेरे परिवार, बच्चों, माता-पिता, पति-पत्नी सबके चारों तरफ फैला हुआ है। इसके भीतर सब सुरक्षित हैं। कोई भी चिंता, भय व निराशा का संकल्प स्वीकार नहीं करें क्योंकि संकल्प से सिद्धि होती है। इसलिए जरूरी है, हर सोच, बोल और कर्म को ध्यान से अपनाएं। सदा शुभ-शुभ सोचे और शुभ-शुभ बोलें। जो आप होना या बनना चाहते हैं, सिर्फ वही सोचें या बोलें।

8. परमात्मा की शक्तियां और वरदान मेरे बिजनेस व कारोबार को संभाल रहे हैं। हमेशा यह सोचें कि मेरे पास सब कुछ है, मैं भरपूर हूं। कभी नहीं सोचना कि किसी तरह की कमी आ गई है या मेरा बिजनेस कम चल रहा है। अगर ऐसा सोचेंगे या बोलेंगे तो वही हो जाएगा। अगर कोई पूछे कारोबार कैसा चल रहा है तो कहें कि हम बढ़िया हैं और हमारा काम भी बहुत बढ़िया चल रहा है। हम जो सोचते और बोलते हैं, वही हो जाता है। कभी भी ह्यनहीं है या कमी हैह्ल जैसे शब्द इस्तेमाल नहीं करना। यह नहीं सोचना या बोलना कि मेरे पास समय, धन या संसाधन की कमी है। बल्कि यह संकल्प करना कि मेरे पास बहुत कुछ है। मेरा इस साल का बिजनेस अब तक का बेस्ट होने वाला है।

9. ऐसी कल्पना करें कि परमात्मा का यह सुरक्षाकवच सृष्टि के चारों ओर फैला हुआ है। पूरे विश्व को सेहत और सुरक्षा की ऊर्जा दे रहा है।

10. सृष्टि में जो महामारी जैसी चीज आई थी, वह चली गई। फिर कभी नहीं आएगी। यह नहीं सोचना कि कुछ महीने या साल लगेंगे, बल्कि यह सोचना है कि कोरोना खत्म हो चुका है। अगर करोड़ों लोग यही मानेंगे या कहेंगे कि सब कुछ ठीक हो गया है तो वास्तव में सब ठीक हो जाएगा। अगर सारे यही सोचेंगे कि एक या दो साल लगेंगे तो ऐसा ही होगा। इसलिए सभी यही संकल्प लें कि जो महामारी आई थी वह खत्म हो गई है और फिर नहीं आएगी तो ऐसा ही होगा।

# मोदी के एक फैसले ने किसान आंदोलन की सच्चाई देश के सामने ला दी

**अशोक मधुप**

दिल्ली बॉर्डर पर आंदोलन करने वाले किसानों और किसान संगठनों की अब तक एक ही मांग थी कि सरकार तीनों कृषि कानून वापस ले। सरकार ने उन्हें वार्ता के लिए बुलाया। इसके लाभ भी बताने चाहे पर किसान नेता इसे मानने को तैयार नहीं थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन कृषि कानून वापस लेने की घोषणा ही नहीं की अपितु अपनी चतुरता से बड़ा खेल खेल दिया। उन्होंने विपक्षी दलों के साथ से जहां बड़ा मुद्दा छीन लिया, वहीं ये बताने में कामयाब हो रहे हैं कि ये आंदोलन कृषि कानून के खिलाफ नहीं था। कृषि कानून वापसी तो एक बहाना है, एजेंडा तो वास्तव में कुछ और ही है। इसके पीछे खेल कुछ और ही है। केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साल से चले आंदोलन में सब कुछ झेला। प्रदर्शन के नाम पर 26 जनवरी को लालकिले पर हंगामा बर्दाश्त किया। पुलिस वालों के साथ मारपीट, उन पर हमला झेला पर किसानों पर गोली नहीं चलाई। कृषि कानून की वापसी पर देश से माफी भी मांगी। आंदोलनकारी किसान नेता शुरू से चाहते ही हैं कि सरकार उन पर सख्ती करे। लाठी चलवाए, गोली चलवाए। वह सरकार को किसान विरोधी सिद्ध करना चाहते थे, किंतु सरकार ने हद दर्जे की सहनशीलता का परिचय दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आचरण इस मामले में सबकी आशा के विपरीत था। उन्होंने आंदोलनकारियों पर सख्ती नहीं की। दिल्ली बॉर्डर पर आंदोलन करने वाले किसानों और किसान संगठनों की अब तक एक ही मांग थी कि सरकार तीनों कृषि कानून वापस ले। सरकार ने उन्हें वार्ता के लिए बुलाया। इसके लाभ भी बताने चाहे पर किसान नेता इसे मानने को तैयार नहीं थे। उनसे आपत्ति मांगी। उन्होंने वह भी नहीं बताईं। सिर्फ एक ही रट लगाए रखी। तीनों कृषि कानून वापिस हों। विपक्षी दल को कुछ और मुद्दा नहीं मिल रहा था, सो उन्होंने इसी को उभारने में भलाई समझी। उन्होंने कृषि कानून वापस लेने के आंदोलन को हवा देनी शुरू कर दी। कोई न उनसे ये पूछ रहा है कि जब ये बिल संसद में पास हो रहे थे, तब विरोध क्यों नहीं किया? वहां चुप्पी क्यों साधे रखी? तब आप कहां थे, वे भी इसका जवाब देने को तैयार नहीं हैं। सिर्फ अच्छा हो या बुरा उनका काम बस विरोध करना ही है। सो विरोध कर रहे हैं। किसान कानून वापस हो गए। सरकार पीछे हट गई। सर्वोच्च न्यायालय ने हालांकि इन तीनों कृषि कानून पर रोक लगा रखी थी। उसने कहा भी कि जब हमने तीनों कृषि कानून पर रोक लगा रखी है, तो फिर दिल्ली के रास्ते जाम क्यों कर रखे हैं? उस समय किसान नेताओं ने कहा था कि रास्ते उन्होंने नहीं, सरकार ने रोक रखे हैं। अब कृषि कानून वापस हो गए तब भी आंदोलन वहीं का वहीं है। रास्ते पहले भी बंद थे। अब भी बंद हैं। अब नई मांग निकल आई कि फसलों का न्यूनतम मूल्य निर्धारित हो। आंदोलन के दौरान मरने वाले 700 किसानों के परिवार को मुआवजा दो। विपक्ष ही नहीं भाजपा ने कुछ लोग भी इसे हवा दे रहे हैं। खुद भाजपा सांसद वरूण गांधी ने मांग की कि आंदोलन के दौरान मरने वाले 700 किसानों में से प्रत्येक के परिवार को एक करोड़ रुपया मुआवजा दिया जाए। प्रत्येक मरने वाले परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी मिले। वे यह नहीं जानते कि नौकरी तो किसी ने उनके परिवार के सदस्यों को भी नहीं दी जो देश की आजादी के लिए कुरबान हो गए।

अब फसलों के न्यूनतम मूल्य के लिए कानून बनाने, आंदोलन में मरने वाले किसानों के परिवार को मुआवजा देने, मरने वाले प्रत्येक किसान के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, आंदोलन के दौरान मरने वाले किसानों का स्मारक बनाने, किसानों के बिजली के बिल माफ करने के साथ, पराली जलाने पर सजा का कानून खत्म करने के साथ और भी बहुत सारी मांग निकल आईं। इनमें एक मांग यह भी है कि सरकार उनकी मांगों पर उनके साथ बैठकर वार्ता करे। इस समय जितने आंदोलनकारी हैं, उनसे ज्यादा मांग उठ खड़ी हुई है। विपक्ष के हाथ से कृषि कानून वापसी का मुद्दा निकल गया। पर आंदोलन अभी खड़ा है। आंदोलन खड़ा है तो विपक्ष उसे हवा दे रहा है। बसपा सुप्रीमो मायावती आंदोलन में मृतक किसानों को मुआवजा देने की मांग कर ही चुकी हैं, अन्य नेता भी इसी सुर में सुर मिला रहे हैं। दिल्ली विधानसभा में तो केजरीवाल सरकार ने आंदोलन के दौरान मृतक किसानों के परिवार को मुआवजा देने, एमएसपी पर कानून बनाने और किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने का प्रस्ताव भी पारित कर दिया। दिल्ली विधानसभा में पारित प्रस्ताव में आंदोलन के दौरान मरने वालों की संख्या 750 बताई गई है। अभी ये संख्या 700 थी। अब ये 750 हो गई। जल्दी ही बढ़कर एक हजार या इससे ज्यादा हो जाए तो कोई आश्चर्य नहीं। मजेदार बात यह है कि इस आंदोलन में अब तक सरकार ने जैसा संयम बरता, ऐसा कभी नहीं बरता गया। 26 जनवरी को लालाकिले पर हुए हंगामे और तिंरगे के साथ एक धार्मिक ध्वज लहराने की घटना के बाद भी सरकार ने संयम बरता। कहीं लाठी नहीं चली। कहीं गोली नहीं चली। फिर आंदोलन में 750 किसान मर गए। स्वयं भाजपा सांसद वरूण गांधी इनकी संख्या 700 बता चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में की गयी अपनी घोषणा के अनुरूप केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक बुलाकर ये प्रस्ताव पारित करा दिया कि सरकार 29 नवंबर से शुरू होने वाले सत्र में ये तीनों कृषि कानून वापस ले लेगी। सत्र के एजेंडे में ये प्रस्ताव भी आ गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा देश को बताना चाहते हैं कि वे अपनी घोषणा के प्रति ईमानदार हैं। वे किसान हितैषी हैं। ये चाहते तो आंदोलनकारी पर लाठी, गोली चलवा सकते थे। किंतु उन्होंने सब कुछ बर्दाश्त किया, पर ऐसा कुछ नहीं किया।

अब तक के हालात से लगता है कि कृषि कानून संसद में वापस ले लिये जाने के बावजूद आंदोलन खत्म नहीं होगा, ये ऐसे ही चलेगा। किसान नेता घोषणा कर चुके हैं कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन ऐसे ही चलेगा। अब तक की मांग तीनों कृषि कानून वापस करना थी, वह पूरी हो गयी है। फिर भी आंदोलन चल रहा है। पराली जलाने पर सजा का कानून खत्म करने की घोषणा स्वयं कृषि मंत्री कर चुके हैं, फिर भी आंदोलन जारी है। अब क्या गारंटी है कि किसान नेताओं की बकाया मांग पूरी होने पर भी आंदोलन खत्म हो जाएगा? दरअसल इन आंदोलनकारियों का एजेंडा कुछ और ही है। कृषि कानून वापसी की मांग तो बहाना थी। उनका एजेंडा दूसरा ही है। आंदोलन करने वाले ये नेता तो सिर्फ टूल हैं। इनको चलाने वाली शक्ति कोई और ही है। कहीं और ही बैठी शक्ति इन्हें चला रही है और फंडिंग कर रही है।

# अब ओमीक्रान की दहशत

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

कोरोना के दो साल होने के बावजूद यह नए-नए रूप लेकर सामने आ रहा है। अब अफ्रीका से इसका नया रूप ओमीक्रान दुनिया को हिलाने आ गया है। कोरोना के नए वैरियंट ओमीक्रान को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन भी काफी गंभीर है। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि यह कोरोना के डेल्टा अवतार से भी सात गुणा तेजी से फैलने वाला वैरियंट है। वैरियंट की गंभीरता को देखते हुए उसे कंसर्ट ऑफ वैरियंट घोषित किया गया है अन्यथा सामान्यतः वैरियंट ऑफ इंटरेस्ट की श्रेणी में ही रखा जाता है। विशेषज्ञों द्वारा माना जा रहा है कि यह वैरियंट डेल्टा से भी ज्यादा तेजी से फैलने वाला वैरियंट है। एक अनुमान के अनुसार डेल्टा से सात गुणा अधिक तेजी से यह फैलता है। गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि न्यूयार्क में 15 जनवरी, 2022 तक के लिए आपातकाल की घोषणा कर दी है तो दुनिया के देश दक्षिण अफ्रीका की यात्रा पर रोक लगा रहे हैं। गौरतलब है कि कोरोना के ही वैरियंट डेल्टा ने अक्टूबर 2020 में भारत में प्रवेश किया और जबरदस्त तरीके से प्रभावित करने के साथ ही जानलेवा साबित हुआ। ओमीक्रान को गंभीरता से लेने का एक कारण यह भी है कि जहां एक ओर यह वैरियंट तेजी से फैल रहा है वहीं यह भी माना जा रहा है कि वैक्सीन इस पर अधिक असरकारक नहीं है। अफ्रीका में करीब दो माह से प्रभावित कर रहा यह वैरियंट ओमीक्रान पिछले चार से पांच दिनों में ही दक्षिण अफ्रीका के साथ ही हांगकांग, बोत्सवाना, बेल्जियम, जर्मनी, चेक गणराज्य, इजराइल और ब्रिटेन पहुंच गया है। ओमीक्रान की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि शुक्रवार को देश में शेयर बाजार धड़ाम से गिर गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में चिंता व्यक्त की तो राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उच्चस्तरीय बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए और बूस्टर डोज की तैयारी करने को कहा। हालांकि देश में कोरोना की चिंता के बीच ही 15 दिसंबर से अंतरराष्ट्रीय उड़ाने शुरू करने की घोषणा की गई है पर इसकी नए सिरे से समीक्षा की आवश्यकता हो गई है। यूरोपीय संघ सहित दुनिया के देश अफ्रीका से हवाई उड़ानों पर रोक लगा रहे हैं। अब तक 1200 से अधिक संक्रमित मिलने से दुनिया दहशत में आ गई है। भारत सहित दुनिया के देश स्थितियों पर गंभीरता से नजर रखे हुए हैं और आवश्यक एहतियाती तैयारी में जुट गए हैं। दरअसल यह माना जा रहा था कि कोरोना का अभिशाप अधिक दिन नहीं चलेगा पर देखते-देखते दो सालों में ही दुनिया के देश इसके पांच वैरियंट से रूबरू हो चुके हैं। सितंबर 2020 में इंग्लैंड में अल्फा, मई, 2020 में दक्षिण अफ्रीका में बीटा, नवंबर, 2020 में ब्राजील में गामा, अक्टूबर, 2020 में भारत में डेल्टा और अब ओमीक्रान ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। दरअसल वायरस की जीनोमिक संरचना में बदलाव होकर के यह नए वैरियंट का रूप ले लेता है। कोरोना ने वैसे तो पूरी दुनिया में अपना असर दिखाया है पर अमेरिका, ब्राजील, भारत संक्रमण और मौत के मामलों में सबसे अधिक प्रभावित देश रहे हैं। दरअसल कोरोना जैसी महामारी से जूझने का दुनिया के देशों के सामने यह पहला अवसर आया है। इससे पहले प्लेग, कोलेरा, फ्लू, काला ज्वर, तपेदिक, पोलियो, एड्स, खसरा, चेचक जैसी कई महामारियों से दुनिया जूझ चुकी है। समय के साथ इनका इलाज भी खोजा गया। पर कोरोना के चलते तपेदिक वापस अपना असर दिखाने लगी है और पिछले दिनों तपेदिक के कारण मौत के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। सवाल यह है कि कोरोना प्रोटोकॉल की बावजूद जिस तरह से कोरोना का थोड़ा असर कम दिखते ही प्रतिबंधों में छूट और शिथिलता बरती जाने लगी तो कोरोना नए अवतार में सामने आने लगा। नो मास्क नो एंट्री और दो गज की दूरी के संदेश के बावजूद धीरे-धीरे इनका असर कागजी रहने से तबाही का मंजर जारी है। लापरवाही के चलते कोरोना है कि थोड़ी राहत देकर वापस पूरी तेजी से आक्रामक हो रहा है। अभी वैक्सीनेशन भी पूरी तरह से नहीं हो पाया है। दरअसल लोगों में निराशा अधिक व्याप्त होने लगी है। ऐसे में इस सबके साथ ही आशा और विश्वास की बूस्टर डोज ज्यादा जरूरी हो जाती है। एक ओर वापस कोरोना के मामले बढ़ने लगे हैं तो दूसरी और शिथिलता भी बढ़ती जा रही है। यूरोपीय देशों में पाबंदियों को हटाने को लेकर बड़े प्रदर्शन हो रहे हैं। ऐसे में सबकी जिम्मेदारी हो जाती है कि लोगों को कोरोना प्रोटोकाल की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाए। लोगों को यह समझना होगा कि जीवन है तो सबकुछ है नहीं तो कुछ भी नहीं। ऐसे में अभी सतर्कता जरूरी है और इसे समझना व समझाना होगा।

# श्रेयस अय्यर का जबर्दस्त डेब्यू, स्पिनर्स का शानदार कमबैक

**नईदिल्ली ।** रचिन रविंद्र और एजाज पटेल ने मिलकर टीम इंडिया के जबड़े से जीत छीनकर कानपुर टेस्ट मैच को ड्रॉ पर खत्म किया। यह मैच टीम इंडिया के लिए कई मायनों में बहुत खास है। विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के बिना टीम इंडिया ने यह मैच खेला और बैकफुट पर जाने के बावजूद शानदार वापसी की। श्रेयस अय्यर के शानदार डेब्यू और टीम इंडिया की स्पिन तिकड़ी के जबर्दस्त कमबैक के लिए इस टेस्ट मैच को सालों तक याद किया जाएगा। आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम करने वाली कीवी टीम इस मैच में कई मौकों पर हावी नजर आई, लेकिन टीम इंडिया ने जबर्दस्त वापसी करते हुए मैच को आखिरी ओवर तक रोमांचक बनाए रखा। चलिए एक नजर डालते हैं इस टेस्ट मैच की पांच बड़ी बातों पर- विराट कोहली की गैरमौजूदगी में श्रेयस अय्यर को टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने का मौका मिला। पहली पारी में जब वह बल्लेबाजी के लिए आए थे, तब टीम इंडिया ने 106 रनों तक तीन विकेट गंवा दिए थे, वहीं दूसरी पारी में जब वह क्रीज पर आए तब भारत का स्कोर 41 रन पर तीन विकेट था। दोनों मौकों पर उन्होंने दबाव में जिस तरह से 105 और 65 रनों



की पारियां खेलीं, वह दिखाता है कि श्रेयस सिर्फ वाइट बॉल क्रिकेट के लिए नहीं बने हैं। टेस्ट डेब्यू में सेंचुरी और हाफसेंचुरी लगाने वाले अय्यर पहले भारतीय बल्लेबाज हैं। उनकी दोनों पारियों इसलिए ज्यादा खास हैं क्योंकि उन्होंने टीम इंडिया को दबाव से निकालकर विनिंग पोजिशन तक पहुंचाया।

पहली पारी में अक्षर पटेल (5), आर अश्विन (3) और रविंद्र जडेजा (1) ने मिलकर न्यूजीलैंड के 9 विकेट चटकाए। कीवी टीम का स्कोर एक समय 197 रन पर एक विकेट था और ऐसा लग रहा था कि मेहमान टीम पहली पारी के आधार पर टीम इंडिया पर बढ़त हासिल जरूर कर लेगी, लेकिन अक्षर और अश्विन ने मिलकर कीवी टीम के इरादों पर पानी फेर दिया और अगले 100 रनों के अंदर बाकी सभी विकेट चटका डाले। अश्विन इस मैच से पहले भारत की ओर टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में चौथे नंबर पर थे। हरभजन सिंह के खाते में 417 विकेट थे और अश्विन के खाते में 413 विकेट थे। इस मैच के दौरान अश्विन ने भज्जी को पीछे छोड़ दिया। अश्विन से आगे अब अनिल कुंबले और कपिल देव ही हैं। अश्विन ने महज 80 टेस्ट मैचों में हरभजन सिंह को पीछे छोड़ दिया है। साहा इस टेस्ट के दौरान ज्यादा समय विकेटकीपिंग नहीं कर पाए। उनकी गर्दन में अकड़न थी, लेकिन इसके बावजूद वह दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए आए और दर्द में ऐसी पारी खेली, जिसे सालों तक याद किया जाएगा। साहा ने 126 गेंद पर नॉटआउट 61 रनों की पारी खेली और टीम इंडिया की बढ़त को 280 रनों के पार पहुंचाया। इस टेस्ट मैच में टिम साउदी की गेंदबाजी को जरूर याद किया जाएगा। साउदी ने पहली पारी में पांच विकेट लिए और दूसरी पारी में उन्होंने तीन विकेट लिए। टीम इंडिया के टॉप बैटिंग ऑर्डर को परेशानी में डालने में टिम साउदी ने अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा दूसरी पारी में रचिन रविंद्र ने 91 गेंद पर नॉटआउट 18 रनों की पारी खेली। रचिन ने एजाज पटेल के साथ मिलकर आखिरी विकेट के लिए 50 से ज्यादा गेंद खेलकर न्यूजीलैंड के लिए मैच बचाया।



# न्यूजीलैंड ने भारत के हाथों से छीनी जीत, ड्रॉ रहा टेस्ट सीरीज का पहला मैच

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला गया पहला टेस्ट ड्रॉ रहा है।

टीम इंडिया के पास कानपुर टेस्ट जीतने का अच्छा मौका था, लेकिन वह जीत से एक विकेट दूर रह गई। एजाज पटेल और रचिन रविंद्र की जोड़ी 52 गेंदों तक विकेट पर खड़ी रही और टीम इंडिया जीत से चूक गई। मैच के आखिरी दिन न्यूजीलैंड को जीत के लिए 284 रन बनाने थे, लेकिन टीम 9 विकेट के नुकसान पर 165 रन ही बना सकी।

भारत की ओर से दूसरी पारी में रविंद्र जडेजा ने चार और आर अश्विन ने तीन विकेट चटकाए। इन दोनों के अलावा अक्षर पटेल और उमेश यादव को एक-एक विकेट मिला।

## केएस भरत के रॉस टेलर को स्टम्प करने को लेकर यूजर ने पूछा सवाल, जेम्स नीशम ने गुस्से में दिया जवाब

**नई दिल्ली ।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला ड्रॉ रहा है। कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले गए इस मैच में थर्ड अंपायर को उस समय फैसला लेने में बहुत समय लगा, जब पांचवें दिन टी-ब्रेक से पहले आर अश्विन की गेंद पर भारतीय विकेटकीपर केएस भरत ने कीवी बल्लेबाज रॉस टेलर के खिलाफ स्टम्प की अपील की। हालांकि बाद में अंपायर ने फैसला टेलर के पक्ष में दिया। अंपायर के इस फैसले को लेकर एक ट्विटर यूजर ने न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर जेम्स नीशम से सवाल पूछा, जिसका जवाब उन्होंने गुस्से भरे अंदाज में दिया। यहां यूजर ने पूछा था कि क्या रॉस टेलर आउट थे या नहीं। यहां नीशम ने ट्वीट के रिप्लाई में लिखा, "टेलर नॉट आउट हैं। यह तब पता चलेगा, जब आप इस तरह की पक्षपात करती बकवास फोटो को चुनने की बजाय बेल्स गिरने पर एक्कुएल फ्रेम को रिवाइंड करके देखेंगे।"

न्यूजीलैंड के खिलाफ कानपुर टेस्ट ड्रॉ रहने के बाद भारत के कोच राहुल द्रविड़ ने लिया बड़ा फैसला, हर कोई कर रहा तारीफ न्यूजीलैंड टीम बेशक इस मैच को ड्रॉ कराने में सफल रही हो, लेकिन टीम के सबसे अनुभवी बल्लेबाज रॉस टेलर भारत के खिलाफ कानपुर टेस्ट की दोनों पारियों में छाप छोड़ने में सफल नहीं हो सके।

# कानपुर में भारत के जबड़े से जीत छीनने वाले एजाज पटेल और रचिन रविंद्र का भारत से है खास कनेक्शन



**नई दिल्ली ।** केन विलियमसन की अगुवाई में न्यूजीलैंड टीम भारत के खिलाफ सोमवार को पहला टेस्ट ड्रॉ कराने में सफल रही। कीवी टीम को भारत से 284 रनों का लक्ष्य मिला था, जिसके जवाब में टीम ने 9 विकेट खोकर 165 रन बनाए। टीम के लिए पहला मैच खेल रहे रचिन रविंद्र और एजाज पटेल ने आखिरी विकेट के लिए 52 गेंदें खेली और विकेट नहीं गिरने दिया। इस दौरान भारतीय के दिग्गज स्पिनर रविंद्र जडेजा और आर अश्विन ने आखिरी जोड़ी को आउट करने की बहुत कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। खास बात यह है कि कानपुर टेस्ट को ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाने वाले रचिन और एजाज का भारत से खास कनेक्शन है। न्यूजीलैंड के खिलाफ कानपुर टेस्ट ड्रॉ रहने के बाद भारत के कोच राहुल द्रविड़ ने लिया बड़ा फैसला, हर कोई कर रहा तारीफ सबसे पहले बात करते हैं एजाज की, तो बाएं हाथ के इस स्पिनर का जन्म मुंबई में ही हुआ है। एजाज आठ साल की उम्र में परिवार के साथ न्यूजीलैंड चले गए थे। इसके अलावा रचिन का नाम भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ के नाम से मिलकर बना है। ऐसा इसलिए है क्योंकि रचिन के पिता रवि कृष्णमूर्ति सचिन और द्रविड़ के बहुत बड़े फैन हैं। राहुल के नाम से फंऔर सचिन के नाम से ूल्ल को मिलाकर रचिन नाम बन गया। इस समय रचिन के पिता न्यूजीलैंड में बतौर सॉफ्टवेयर इंजीनियर काम कर रहे हैं।

रचिन ने कानपुर में 91 गेंदों पर 18 रनों की नाबाद पारी खेली, जबकि 11वें नम्बर के बल्लेबाज एजाज ने 23 गेंद खेलकर दो रन बनाए। इस आखिरी जोड़ी का विकेट भारतीय गेंदबाज अंत तक उखाड़ नहीं सके, जिससे भारतीय टीम दहलीज पर खड़ी जीत से दूर हो गई। हाल के समय की सबसे धीमी भारतीय टेस्ट पिचों में से एक ग्रीन पार्क पर विपक्षी टीम के खिलाफ बेहद सटीक समझे जाने वाले दो बेहतरीन स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा अपनी सभी तकनीक और विविधताओं का प्रयोग कर रहे थे, ताकि उनकी टीम को वह आखिरी विकेट मिल जाए, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

## दिनेश कार्तिक का बड़ा बयान, बोले-

# आर अश्विन को कपिल देव की बराबरी पर रखना चाहिए

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला गया टेस्ट सीरीज का पहला मैच ड्रॉ रहा है। इस मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ आर अश्विन ने गेंद और बल्ले से कमाल का प्रदर्शन किया। उनके इस प्रदर्शन पर भारतीय विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने उनकी जमकर तारीफ की है और कहा कि भारत के महान कप्तान कपिल देव और अश्विन को बराबरी पर रखा जाना चाहिए। कार्तिक का यह बयान अश्विन के भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में दिग्गज हरभजन सिंह को पछाड़ने के बाद आया है।

कार्तिक ने 'क्रिकबज' से बात करते हुए कहा, "मुझे नहीं लगता कि मैं इन दोनों खिलाड़ियों को जज करने की स्थिति में हूं, लेकिन मुझे यह जरूर मानना होगा कि जब भारतीय क्रिकेट की बात आती है तो दोनों का नाम एक ही सांस में लिया जाना चाहिए। क्योंकि ये दोनों ही खिलाड़ी मैच विनर रहे हैं, बेहतरीन रहे हैं और निश्चित रूप से लंबे-लंबे समय तक दो सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर रहे हैं।"



कार्तिक ने कहा, "अश्विन के आंकड़े उनके दावे का समर्थन करने के लिए काफी अच्छे हैं और ज्यादातर क्रिकेटरों ने अश्विन के जितने टेस्ट शतक नहीं बनाए हैं।

आपको उन्हें भारत के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में रखना होगा। इस दौरान उन्होंने जितने मैन ऑफ द सीरीज खिताब जीते हैं, उतनी ही तारीफ भी उन्हें मिली है।" भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, "80 टेस्ट में 417 विकेट हासिल करना एक अविश्वसनीय रिकॉर्ड है और यह भी ध्यान रखना चाहिए कि उन्होंने बल्ले से भी योगदान देते हुए पांच शतक जड़े हैं।

यह टेस्ट मैचों में लंबे समय तक खेलने वाले कई बल्लेबाजों की तुलना में बहुत अधिक हैं। कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 30-35 टेस्ट खेले हैं और अब भी पांच शतक नहीं जड़े हैं। कपिल देव की बात करें तो उनकी कप्तानी में टीम ने 1983 में वर्ल्ड कप अपने नाम किया था। उन्हें इस खेल का सर्वकालिक महान खिलाड़ी माना जाता है। उन्होंने 138 टेस्ट में 5248 रन बनाए, जबकि 225 वनडे में 3783 रन जड़े। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में कुल नौ शतक और 41 अर्द्धशतक जड़े।

## कानपुर टेस्ट ड्रॉ रहने पर कीवी कप्तान केन विलियमसन ने की इन दो खिलाड़ियों की जमकर तारीफ

**नई दिल्ली ।** रविंद्र जडेजा और आर अश्विन की शानदार गेंदबाजी के बावजूद भारत कानपुर टेस्ट के आखिरी दिन न्यूजीलैंड को ऑलआउट करने में सफल नहीं हो सका, जिसकी वजह से दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट ड्रॉ हो गया। भारत के खिलाफ इस मैच को ड्रॉ कराने में न्यूजीलैंड की तरफ से डेब्यू कर रहे रचिन रविंन्द्र और विलियम समरविल ने अहम भूमिका निभाई। रविंद्र ने 91 गेंदों पर 18 रनों की नाबाद पारी खेली, जबकि नाइट वॉचमैन के तौर पर उतरे समरविल ने भी 110 गेंदों पर 36 रन बनाकर अहम बड़ा योगदान दिया। उनकी इस पारी से न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन बेहद प्रभावित दिखे और मैच खत्म होने के बाद दोनों खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की है। विलियमसन ने भारत के खिलाफ पहला टेस्ट हार की कगार पर पहुंच जाने के बावजूद ड्रॉ हो जाने पर राहत की सांस लेते हुए कहा कि यह काफी शानदार मैच रहा। विलियमसन ने कहा, "आखिर तक तीनों रिजल्ट संभव दिख रहे थे। हमने दिन भर बल्लेबाजी की और दृढ़ता दिखाई। यह रचिन, एजाज और समरविल के लिए बहुत अच्छा अनुभव रहा। यहां पर स्टेडियम में फैंस को आते देखना भी सुखद था। हमारे दोनों तेज गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी की। यह एक मजबूत भारतीय टीम है, इसलिए हमें हर डिपार्टमेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करना था।' उन्होंने कहा, "कुल मिलाकर इस मुकाबले का अनुभव अच्छा रहा। हमें मुंबई में अलग तरह की पिच के लिए तैयारी करनी होगी।

# पेपर लीक के लिए सरकार का भ्रष्ट सिस्टम जिम्मेदार

## सयुस के राष्ट्रीय सचिव ने राज्यपाल को संबोधित पत्रक एडीएम को सौंपा

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) का पेपर लीक होने को लेकर प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा गया है। विपक्षी पार्टियों ने इसके लिए सीधे तौर पर योगी सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। सोमवार को सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव अल्ताफ हुसैन अंसारी ने राज्यपाल संबोधित पत्रक एडीएम को सौंपा। उन्होंने कहा कि पेपर लीक मामले में भाजपा सरकार दोषी है। कहा कि भ्रष्टाचार व अव्यवस्था वर्तमान सरकार की पहचान बन चुकी है। इससे बड़ी लापरवाही क्या हो सकती है कि टेट परीक्षा के लिए एक तरफ छात्र रात से ही केंद्रों पर पहुंचे। सुबह बताया गया कि पेपर लीक हो चुका है। पेपर कैसे लीक हुआ, इसकी गहन जांच होनी चाहिए। निश्चित ही इस मामले में अधिकारियों का हाथ है। उन्होंने कहा कि बिना विभागीय मिलीभगत के पेपर कैसे लीक हो सकता है। पत्रक में सयुस राष्ट्रीय सचिव ने मांग किया कि सरकार 15 दिन के अंदर पुनरू टेट की परीक्षा आयोजित कराए, साथ ही टेट परीक्षा के समस्त परीक्षार्थियों को परीक्षा स्थल पर पहुंचने के लिए यात्रा भत्ता, रेलगाड़ी और बसों में मुफ्त यात्रा की व्यवस्था करे। 28 नवंबर को आवागमन में हुई छात्रों की आर्थिक क्षति की प्रतिपूर्ति के लिए समस्त परीक्षार्थियों को कम से कम 5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए। इस मौकेपर सयुस जिलाध्यक्ष बाबा बिंद, मो. अरशद, धीरज यादव, सोनू यादव, जीतेंद्र राय, सुरेश यादव, लवकुश यादव, स्वतंत्र बिंद, राहुल गौतम आदि उपस्थित रहे।

## महिला आयोग की सदस्य करेंगी सूनवाई

**भदोही।** राज्य महिला आयोग की सदस्य महिलाओं से संबंधित मामलों की सुनवाई करेंगी। जनसुनवाई कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आयोग की सदस्य ऊषा रानी एक दिसंबर को जनपद आ रही हैं। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि आयोग की सदस्य ऊषा रानी एक दिसंबर को प्रातरू दस बजे आएंगी। उनके द्वारा महिला उत्पीडन की घटनाओं की समीक्षा, जनसुनवाई की जानी है। इसमें घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीडन, यौन शोषण व महिलाओं से संबंधित अन्य शिकायतों की सुनवाई की जाएगी।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ कानपुर टेस्ट ड्रॉ रहने के बाद भारत के कोच राहुल द्रविड़ ने लिया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के नए कोच राहुल द्रविड ने शिव कुमार की अगुवाई में कानपुर के ग्रीन पार्क मैदान में बेहतरीन पिच तैयार करने वाले कर्मचारियों को 35,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया है। भारत में जन्मे एजाज पटेल और रचिन रविन्द्र ने सोमवार को ग्रीन पार्क में शानदार संयम का परिचय देते हुए आखिरी विकेट बचाकर मेजबान टीम के खिलाफ न्यूजीलैंड को हार से बचा लिया। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) ने खेल के बाद प्रेस बॉक्स में घोषणा की, "हम एक ऑफिशियल घोषणा करना चाहते हैं। राहुल द्रविड़ ने हमारे मैदानकर्मियों को व्यक्तिगत रूप से 35,000 रुपये दिए है।" अपने समय में द्रविड़ को



निष्पक्ष खेल भावना के लिए जाना जाता था। मैदानकर्मियों को मिली प्रोत्साहन राशि इस बात का प्रतीक था कि पिच में मैच के पांचों दिन गेंदबाजों और बल्लेबाजों के लिए कुछ था। इस पिच पर जहां शानदार तकनीक दिखाने वाले श्रेयस अय्यर, शुभमन गिल, टॉम लाथम और विल यंग जैसे बल्लेबाजों ने रन बनाए तो वहीं टिम साउदी और काइल जैमीसन जैसे तेज गेंदबाजों ने भारत के टॉप ऑर्डर को परेशान किया। पिच से भारतीय स्पिनरों को भी मदद मिली। भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को मैच विजेता करार देते हुए कहा कि टेस्ट क्रिकेट में देश का तीसरा सबसे सफल गेंदबाज बनने की उपलब्धि बेहद ही खास है। अश्विन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पांचवें और आखिरी दिन टॉम लाथम को आउट कर अपना 418वां टेस्ट विकेट लिया और हरभजन सिंह को पीछे छोड़ दिया। वह अब अनिल कुंबले (619) और कपिल देव (434) से ही पीछे हैं। द्रविड़ ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "मुझे लगता है कि यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। आप जानते हैं कि हरभजन वास्तव में एक बेहतरीन गेंदबाज थे, जिनके साथ मैंने काफी क्रिकेट खेला है। अश्विन का सिर्फ 80 टेस्ट मैचों में उनसे आगे निकलना एक अभूतपूर्व उपलब्धि है।

# दिव्यांगों का मनोबल मजबूत करने की जरूरतरू राजाराम

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** समग्र शिक्षा अभियान (समेकित शिक्षा) और एलिम्को कानपुर के सहयोग। से आज विकास खंड भदोही के 112 दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण का वितरण किया गया। प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में पढने वाले 112 बच्चों को ब्लाक संसाधन केंद्र भदोही के प्रांगण में सोमवार को ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, वैशाखी सहित अन्य सहायक उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीडीओ भदोही राजाराम ने मां वीणापाणि की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप



दिव्यांगों को ट्राइसाकिल वितरित करते मुख्य अतिथि

जलाकर किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों का मनोबल का बढ़ाने के लिए सतत प्रयास करना चाहिए। यदि ईश्वर, किसी बच्चे में कोई शारीरिक खामी देता है, तो वह उसमें कुछ खूबियां भी देता है।

देखा जाय तो दिव्यांग रहते हुए भी देश में तमाम लोगों ने अपनी खूबियों के दम पर देश और समाज में उपलब्धियां हासिल की और समाज को गौरवान्वित किया है। जरूरत इस बात की है कि ऐसे बच्चों के मनोबल को बढ़ाया जाए, ताकि उनमें निराशा की भावना न पैदा हो। शारीरिक खामियों को अभिशाप के रूप में देखा जाना कहीं से भी उचित नहीं है। बल्कि उन्हें उच्च शिक्षा दिलाकर समाज की मुख्यधारा से जोडने और देश के विकास में सहायक बनाने की कोशिश करनी चाहिए।इउन्होंने कहा कि आज बहुत से लोग ऐसे मिल जाएंगे, जो शारीरिक दिव्यांगताध्अक्षमता के बावजूद प्रशासनिक सेवा, शिक्षा आदि क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर अन्य केलिए प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का उठाएं लाभ : महेंद्र यादव

भदोही। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम काआयोजन आगामी पांच दिसंबर को किया जा रहा है। इसके लिए पात्र परिवार आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत शादी करनेवाले दंपति को 51 हजार रुपये की मदद सरकार की तरफ से की जाती है। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र यादव ने दी।

महेंद्र यादव ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन पांच दिसंबर को किया जा रहा है। जनपद के इच्छुक माता-पिताध्अभिभावक, जो भी इस सामूहिक विवाह योजना के तहत अपनी पुत्री की शादी करना चाहते हैं, वे अपना पंजीकरण ब्लाक मुख्यालय या फिर नगर पंचायत में करवाएं और आवश्यक सूचना उपलब्ध कराएं।

महेंद्र यादव ने बताया कि इसके लिए बेटी की उम्र 18 वर्ष से अधिक और वर की आयु 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। योजना का लाभ लेने के इच्छुक लोग अपना पंजीकरण संबंधित विकास खंडध्नगर पंचायत कार्यालय में कराते हुए आवदेन पत्र जमा करवाएं, जिससे पांच दिसंबर को होने वाले आयोजन में उन्हे शामिल किया जा सके।

# सवाल भी हो और शांति भी, हंगामे से संसद को रोकना ठीक नहीं, शीत सत्र से पहले बोले पीएम नरेंद्र मोदी

संसद के शीत सत्र की शुरूआत में पीएम नरेंद्र मोदी ने सभी विपक्षी दलों से शांति के साथ सवाल पूछने की अपील की है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार किसी भी मुद्दे पर चर्चा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हमें देश हित के मुद्दों पर समझदारी और एकता के साथ बात करने की जरूरत है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह अहम अवसर है, जब हमें रचनात्क चर्चा करके देशहित में आगे बढ़ना चाहिए। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार हर सवाल का जवाब देने को तैयार है और रचनात्मक चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद में सरकार और उसकी नीतियों के खिलाफ आवाज प्रखर होनी चाहिए, लेकिन संसद और चेयर की गरिमा भी बनाए रखनी चाहिए।



उन्होंने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर खुलकर चर्चा करने को तैयार है। पिछले सत्र के बाद कोरोना की विकट स्थिति में भी देश ने 100 करोड़ से ज्यादा कोरोना टीके लगाए हैं। इस दिशा में हम और तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। लेकिन कोरोना के नए वैरिएंट की खबरें हमें और सतर्क रहने को कहती हैं। मैं सभी लोगों और अपने संसद के साथियों से आग्रह करता हूं कि वे सतर्क रहें। देश के 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को कोरोना काल में और अधिक दिक्कत न हो, इसके लिए पीएम गरीब कल्याण अन्ना योजना के तहत मुफ्त राशन दिए जाने की योजना चल रही है। इस स्कीम को अब मार्च, 2022 तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद के कामकाज की समीक्षा उसके कामों से होनी चाहिए। सत्र में इसे काम का मानक नहीं माना जा सकता कि कितने हंगामे के साथ कुछ लोगों ने संसद को रोक दिया। उन्होंने कहा कि सवाल भी होने चाहिए और शांति भी होनी चाहिए। पीएम नरेंद्र मोदी कहा कि संसद का यह अत्यंत महत्वपूर्ण है, देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। हिंदुस्तान में चारों दिशाओं में से इस आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर रचनात्मक, सकारात्मक और राष्ट्रहित और जनहित को लेकर कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। आजादी के दीवानों ने जो सपने देखे थे, उन्हें पूरा करने के लिए हर कोई अपना प्रयास कर रहा है। ये खबरें अपने आप में भारत के उज्वल भविष्य के लिए शुभ संकेत हैं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह अहम अवसर है, जब हमें रचनात्क चर्चा करके देशहित में आगे बढ़ना चाहिए। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार हर सवाल का जवाब देने को तैयार है और रचनात्मक चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद में सरकार और उसकी नीतियों के खिलाफ आवाज प्रखर होनी चाहिए, लेकिन संसद और चेयर की गरिमा भी बनाए रखनी चाहिए। सरकार हर मुद्दे पर खुलकर चर्चा करने को तैयार है। पिछले सत्र के बाद कोरोना की विकट स्थिति में भी देश ने 100 करोड़ से ज्यादा कोरोना टीके लगाए हैं। इस दिशा में हम और तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

## खट्टर से मुलाकात में पकी सियासी खिचड़ी? अमरिंदर सिंह बोले- इंतजार कीजिए, हम पंजाब में सरकार बनाएंगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस से अलग होकर नई पार्टी बनाने का ऐलान कर चुके पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर सियासी पारा बढ़ा दिया है। मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात के बाद अमरिंदर सिंह ने कहा कि वह सहयोगियों के साथ मिलकर पंजाब में सरकार बनाएंगे। भले ही कैप्टन अमरिंद सिंह इस मुलाकात को शिष्टाचार मुलकात बता रहे हों, मगर सियासी गलियारों में भाजपा संग गठबंधन की चर्चा भी जोरों पर है।



समाचार एजेंसी के मुताबिक, कैप्टन अमरिंदर सिंह ने चंडीगढ़ में मनोहर लाल खट्टर के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद कैप्टन ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ यह शिष्टाचार मुलाकात थी। उन्होंने आगे कहा कि हमारा सदस्यता अभियान बहुत अच्छा चल रहा है, समय का इंतजार करिए। हम (अपने सहयोगियों के साथ) सरकार बनाएंगे (पंजाब में)।

बता दें कि बीते दिनों पंजाब में कांग्रेस ने अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री पद से हटाकर चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री बनाया था। इसके बाद कैप्टन ने अपमान बताकर पार्टी से इस्तीफा दिया था। हालांकि, उन्होंने अबतक आधिकारिक तौर पर भाजपा से गठबंधन नहीं किया है, मगर कुछ खिचड़ी जरूर पक रही है। बीते दिनों पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह अपने गढ़ पटियाला से ही विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने अपने फेसबुक पर लिखा, ह्यमैं पटियाला से चुनाव लड़ूंगा। बीते 400 सालों से पटियाला हमारे साथ रहा है। और मैं इसे सिद्धू की वजह से छोड़ने वाला नहीं हूं। पटियाला हमेशा से ही कैप्टन परिवार का गढ़ रहा है।

## राज्यसभा के निलंबत सांसद मांगेंगे माफी? आज सभापति एम वेंकैया नायडू से कर सकते हैं मुलाकात

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के निलंबित 12 विपक्षी सांसद कल मांफी मांगने के लिए उच्च सदन के सभापति एम वेंकैया नायडू से मुलाकात कर सकते हैं। संसद के सोमवार को शुरू हुए शीतकालीन सत्र के पहले दिन कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के 12 सदस्यों को पिछले मानसून सत्र के दौरान 'अशोभनीय आचरण' करने के लिए, वर्तमान सत्र की शेष अवधि तक के लिए राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया है।



न्यूज एजेंसी के सूत्रों के हवाले से बताया है कि निलंबित सांसद कल राज्यसभा के सभापति वेंकैया नायडू मुलाकात कर माफी मांग सकते हैं। सरकारी सूत्रों ने यह भी कहा है कि जिन सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, यदि वे नियमानुसार माफी मांगते हैं, तो भविष्य के बारे में विचार-विमर्श किया जा सकता है। उपसभापति हरिवंश की अनुमति से संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इस सिलसिले में एक प्रस्ताव रखा जिसे विपक्षी दलों के हंगामे के बीच सदन ने मंजूरी दे दी। जिन सदस्यों को निलंबित किया गया है उनमें मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के इलामारम करीम, कांग्रेस की फूलों देवी नेताम, छाया वर्मा, रिपुन बोरा, राजमणि पटेल, सैयद नासिर हुसैन, अखिलेश प्रताप सिंह, तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन और शांता छेत्री, शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी और अनिल देसाई तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के विनय विस्वम शामिल हैं।

इन सदस्यों पर आरोप है कि मानसून सत्र में राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान इन्होंने अमर्यादित आचरण और मार्शलों के साथ धक्का-मुक्की की थी। इन आरोपों के बाद राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने इस मामले की जांच के लिए एक समिति गठित की थी। समिति की सिफारिशों के आधार पर इन सांसदों के खिलाफ आज कार्रवाई की गई।

### बेहतर पाठ्यक्रम सामग्री के लिए संसदीय समिति ने नौंवी के छात्र से ली सलाहः नायडू

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू ने सोमवार को सदन को सूचित किया कि संसदीय समिति ने अपनी एक बैठक में कक्षा 9 के एक छात्र के साथ पाठ्यपुस्तकों की सामग्री और डिजाइन पर बातचीत की है। वेंकैया नायडू ने कहा, ₹शिक्षा समिति ने इंटर-सेशन अवधि के दौरान 'पाठ्यपुस्तकों की सामग्री और डिजाइन में सुधार' के मुद्दे की जांच करते हुए हरियाणा के नौवीं कक्षा के छात्र को सुना और उससे बातचीत की। नायडू ने कहा कि छात्र से बातचीत करना पाठ्यक्रमों की सामग्री और डिजाइन में सुधार का एक प्रभावी तरीका है। समिति ने परीक्षा के लिए चुने गए विषयों पर छात्र के साथ बातचीत की और उसे सुना। छात्र के परामर्श इन समितियों को पाठ्यक्रमों के लिए सहायता देंगे।

## डरती है सरकार, जानती है कि गलत काम किया था, कृषि कानूनों का वापसी पर बोले राहुल गांधी

**नईदिल्ली।** कृषि कानूनों की वापसी पर लोकसभा और राज्यसभा से मुहर लगने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नई मांग उठा दी है। उन्होंने कहा कि इन बिलों का वापसी और खुद पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में यह माना था कि हमसे गलती हुई है।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने माना है कि उनसे गलती हुई है तो फिर आंदोलन के दौरान मरे किसानों के परिजनों को मुआवजा देना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा, 'हमने कहा था कि इन तीन काले कानूनों को सरकार को वापस लेना होगा। देश के 3 से 4 पूंजीपतियों के आगे किसानों की शक्ति कमजोर नहीं हो सकती। राहुल गांधी ने कहा कि यह किसानों और मजदूरों की सफलता है। लेकिन जिस तरह से ये कानून रद्द किए गए, संसद में इसके बारे में चर्चा नहीं होने दी। यह दिखाता है कि



सरकार चर्चा से डरती है। इससे पता चलता है कि सरकार जानती है कि उन्होंने गलत काम किया। हमें चर्चा उन लोगों के बारे में करनी है, जो आंदोलन के शहीद हो गए। हमें इस बारे में चर्चा करनी थी कि किसानों के खिलाफ बनाए गए कानूनों के पीछे किसकी शक्ति थी। इसके अलावा एमएसपी, लखमीपुर खीरी एवं किसानों की अन्य समस्याओं पर डिस्कशन होना था। इसे सरकार ने होने नहीं दिया। सरकार के अंदर एक कन्फ्यूजन है। वह सोचती है कि किसानों, गरीबों और मजदूरों को दबाया जा सकता है, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

चुनावी डर से वापस लिए कृषि कानून, अब उअअ रद्द करे मोदी सरकारः ओवैसी यही नहीं राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से कृषि कानूनों की वापसी के ऐलान के दौरान आंदोलनकारियों को किसानों का एक समूह बताए जाने पर भी ऐतराज जताया।

राहुल गांधी ने कहा कि पहले आप लोगों ने उन्हें खालिस्तानी बताया और अब उन्हें किसानों का एक समूह बता रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने खुद इन बिलों को वापस लेने का ऐलान करते हुए माफी मांगी है। ऐसे में यदि उन्होंने माफी मांगी है तो फिर आंदोलन में शहीद हुए 700 लोगों के परिवानों को उन्हें मुआवजा देना चाहिए।

### पिछले तीन साल में देशभर में हुए 1034 आतंकवादी हमले, 177 जवान हुए शहीद

**नई दिल्ली।** पिछले तीन साल में देशभर में कुल 1034 आतंकवादी हमले हुए और इन हमलों में कुल 177 जवान शहीद हुए। इनमें से 1033 हमले अकेले जम्मू- कश्मीर में हुए हैं जबकि एक हमला दिल्ली में हुआ। राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता आनंद शर्मा की ओर से पूछे गए एक लिखित सवाल के जवाब में रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, 'वर्ष 2019 में देश भर में कुल 594 आतंकवादी हमले हुए ओर यह सभी जम्मू-कश्मीर में हुए। वर्ष 2020 के दौरान देश भर में कुल 244 आतंकवादी हमले हुए और यह सारे हमले भी जम्मू एवं कश्मीर में हुए। वर्ष 2021 में अब तक देश में कुल 196 आतंकवादी हमले हुए हैं। इनमें से 195 हमले जम्मू एवं कश्मीर में जबकि एक हमला दिल्ली में हुआ है। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान पंजाब ओर अन्य स्थानों पर कोई आतंवादी हमला नहीं हुआ। एक अन्य सवाल के जवाब में भट्ट ने बताया कि वर्ष 2019 से लेकर अब तक हुए आतंकवादी हमलों में केंद्रीय बलों सहित अन्य बलों के कुल 177 जवान शहीद हुए।

## 30 साल बाद रैलियों से लौटी कांग्रेस के चेहरे की मुस्कान, पर वढ फतह करने को पार करनी होगी यह चुनौती

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले प्रतिज्ञा रैलियों में जुट रही भीड़ को देखकर कांग्रेस उत्साहित है। तीस साल से भी ज्यादा अरसे के बाद पार्टी की जनसभाओं में इतनी भीड़ जुटी है। पर जनसभाओं में जुटती यह भीड़ कांग्रेस के लिए चुनौती बनती जा रही है, क्योंकि पार्टी के पास भीड़ को वोट में बदलने के लिए जमीनी स्तर पर संगठन नहीं है। वहीं, पार्टी के पास जिताऊ उम्मीदवारों का भी अभाव है।लड़की हूं, लड़ सकती हूंह्व अभियान के जरिये कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा राजनीतिक अभियान को जमीन तक ले जाने की कोशिश कर रही हैं। महिलाओं को 40 फीसदी टिकट देने के ऐलान के साथ उन्होंने लड़कियों को स्कूटी और आगंनवाड़ी कार्यकताओं के मानदेय में वृद्धि का भी वादा किया है। ऐसे में यह सवाल लाजिमी है कि क्या कांग्रेस चुनाव में सत्ता की दहलीज तक पहुंच पाएगी? सत्ता तक पहुंचने के लिए कांग्रेस को अपने वोट प्रतिशत को कम से पांच गुना बढ़ाना होगा। वर्ष 2017 के चुनाव में समाजवादी पार्टी से गठबंधन के बावजूद कांग्रेस को सिर्फ छह फीसदी वोट मिले थे। ऐसे में प्रियंका को वोट प्रतिशत को छह फीसदी से बढ़ाकर 30 प्रतिशत तक ले जाना होगा। प्रदेश में संगठन की स्थिति को देखते हुए महिला केंद्रित प्रचार के बावजूद लक्ष्य आसान नहीं है।



कांग्रेस उत्तर प्रदेश में पिछले 32 साल से सत्ता से बाहर है। वर्ष 1989 में सत्ता से बाहर होने के बाद पार्टी के पास कोई वोट बैंक नहीं है। कभी दलित और मुसलमानों में मजबूत पैठ रखने वाली कांग्रेस का वोट बैंक बिखर चुका है। लगातार सत्ता से बाहर रहने की वजह से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नेता भी दूसरे दलों में चले गए। पार्टी में जो नेता बचे हैं, उनमें से ज्यादातर की कोई जमीनी पकड़ नहीं है और तालमेल का भी आभाव है। कांग्रेस यूपी में सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है। पर उसके पास जिताऊ उम्मीदवार का आभाव है। ऐसे में सपा और बसपा से अलग चुनाव लड़ते हुए पार्टी भाजपा को चुनौती दे पाएगी, इसकी उम्मीद कम है। दरअसल, चुनाव में भाजपा विरोधी वोट उस उम्मीदवार के इर्दगिर्द घूमता है, जिसके भाजपा के खिलाफ जीतने की उम्मीद ज्यादा होती है।

## भगोड़े मेहुल चोकसी को फिर सता रहा किडनैपिंग का डर, बयां किया अपनी लाचारी

**नई दिल्ली।** भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को एक बार फिर से किडनैपिंग का डर सताने लगा है। भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को डर है कि कहीं उसका फिर से अपहरण न कर लिया जाए और उसे गुयाना ले जाया जाए। उसे डर हैकि वहां उसे गैरकानूनी और अवैध तरीके से ले जाया जा सकता है। समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में चोकसी ने इस डर को बयां किया। 62 वर्षीय भगोड़ा चोकसी पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ 13,500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में भारत में वांटेड है।

एएनआई के साथ बातचीत में मेहुल चोकसी ने कहा, 'मुझे एक बार फिर से जबरन और अपहरण किया जा सकता है और गुयाना ले जाया जा सकता है, जहां एक मजबूत भारतीय उपस्थिति है, जिसका उपयोग मुझे गैरकानूनी और अवैध तरीके से दूर करने के लिए किया जा सकता है।' उसने आरोप लगाया, 'मैं वर्तमान में एंटीगुआ में अपने घर की सीमा तक ही सीमित हूं, मेरा खराब स्वास्थ्य मुझे कहीं और जाने की इजाजत नहीं देता है और मुझे बंधक बनाने वालों के हाथों मुझे जो दर्दनाक अनुभव हुआ, वह मेरे स्वास्थ्य में गिरावट का कारण बना। चोकसी ने कहा कि मैं अपने मानसिक स्वास्थ्य की बुरी स्थिति के लिए मदद मांग रहा हूं, क्योंकि मैं लगातार डर से सहम गया हूं, पिछले कुछ महीनों में अपने अनुभवों के सदमे से स्तब्ध हूं। मैं अपने डॉक्टरों की सिफारिशों के बावजूद अपने घर से बाहर कदम रखने में असमर्थ हूं और मैं अब हर कीमत पर लाइमलाइट से बचना चाहता हूं। मेरा खराब स्वास्थ्य मुझे कहीं जाने और कुछ भी करने की अनुमति नहीं देता है। चोकसी ने आरोप लगाया कि मेरे वकील एंटीगुआ और डोमिनिका दोनों केस में कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि मैं विजयी होऊंगा क्योंकि मैं एक एंटीगुआ का नागरिक हूं, जिसे मेरी इच्छा के विरुद्ध एक अलग देश में अपहरण करके ले जाया गया था।

## साल 2022 की शुरूआत यूएई दौरे से कर सकते हैं पीएम, रिश्ते में मजबूती की कोशिश

**नई दिल्ली।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी साल 2022 की शुरूआती विदेश यात्रा संयुक्त अरब अमीरात(यूएई) से कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, पीएम नरेंद्र मोदी जनवरी में यूएई का दौरा कर सकते हैं। ऐसी संभावना है कि इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करने के लिए किया जाएगा। मुख्य रूप से यात्रा का केंद्र बिंदु दुबई एक्सपो के आसपास केंद्रित होने की संभावना है। पिछले कुछ वर्षों में संयुक्त अरब अमीरात के साथ भारत के संबंधों में काफी सुधार आया है। सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित यात्रा की तारीखों को अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। लेकिन संभावना है कि जनवरी माह में पीएम यूएई का दौरा कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि दोनों देश अगले साल की पहली छमाही तक एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को मजबूत करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। जिससे व्यापार



और निवेश संबंधों को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। अपने बढ़ते रणनीतिक संबंधों के परिपेक्ष्य में भारत और संयुक्त अरब अमीरात हाल ही में एक नए चार-राष्ट्र समूह का हिस्सा बने हैं। जिसके व्यापार और निवेश से संबंधित मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है। इसमें अन्य दो सदस्य देश अमेरिका और इजरायल हैं।


बता दें कि अगस्त में संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख खलीफा बिन जायद अल नाहयान के राजनयिक सलाहकार अनवर गर्गश ने भारत का दौरा किया था। पिछले साल दिसंबर में थल सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे ने संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा की। यह भारतीय सेना के प्रमुख द्वारा प्रभावशाली खाड़ी देश की पहली यात्रा थी। वहीं, जुलाई में तत्कालीन वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया ने देश के साथ भारत के बढ़ते रणनीतिक संबंधों को आगे बढ़ाते हुए संयुक्त अरब अमीरात का दौरा किया था।

### जैक डोर्सी ने ट्विटर का सीईओ पद छोड़ा, भारतीय मूल के पराग अग्रवाल नए सीईओ नियुक्त

**नई दिल्ली।** ट्विटर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (उएड) जैक डोर्सी ने अपना पद छोड़ने का ऐलान कर दिया है। डोर्सी के बाद अब पराग अग्रवाल को ट्विटर को नया सीईओ नियुक्त किया गया है। डोर्सी ने कंपनी के कर्मचारियों को लिखे एक पत्र में कहा है कि कंपनी में को-फाउंडर और सीईओ तक की भूमिका निभाने के बाद लगभग 16 साल के बाद मैंने फैसला किया है कि आखिरकार मेरे लिए जाने जान का समय आ गया है। ट्विटर ने सोमवार को घोषणा की कि कंपनी के मुख्य तकनीकी अधिकारी पराग अग्रवाल जैक डोर्सी की जगह लेंगे। सोशल मीडिया कंपनी ने बयान में कहा कि निदेशक मंडल ने सर्वसम्मति से पराग अग्रवाल की सीईओ और बोर्ड के सदस्य के रूप में नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दे दी है। पराग अग्रवाल पिछले एक दशक से ट्विटर से जुड़े हुए हैं।

## ओमिक्रॉन से लड़ने के लिए आगे आया भारत, अफ्रीकी देशों को मदद की पेशकश

**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को अफ्रीकी देशों को कोरोनावायरस के नए ओमिक्रॉन वेरिएंट से लड़ने के लिए कोरोना वैक्सीन, दवाएं, टेस्ट किट और चिकित्सा उपकरण की आपूर्ति करने की पेशकश की है। ओमिक्रॉन वेरिएंट के आने से दुनियाभर के देश दहशत में है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ओमिक्रॉन को ₹चिंता का एक प्रकार₹ कह चुका है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि 30 से ज्यादा म्यूटेंट के कारण ये वेरिएंट डेल्टा और डेल्टा प्लस से ज्यादा संक्रामक है। सोमवार को भारत के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ₹भारत सरकार ओमिक्रॉन वेरिएंट से निपटने में अफ्रीका में प्रभावित देशों की मदद करने के लिए तैयार है। भारत प्रभावित देशों को भारत में बनीं कोरोना वैक्सीन की आपूर्ति करना चाहता है। बता दें कि भारत की स्वदेशी कोवैक्सीन को डब्ल्यूएचओ मान्यता दे चुका है। बयान में कहा



गया है, ₹भारत आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं, परीक्षण किट, दस्ताने, पीपीई किट और वेंटिलेटर जैसे चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति के लिए भी तैयार है।

विदेश मंत्रालय ने कहा, ₹भारतीय संस्थान अफ्रीकी समकक्षों के साथ ₹जीनोमिक निगरानी और वायरस लक्षण वर्णन संबंधी अनुसंधान कार्य में सहयोग पर अनुकूल रूप से विचार करेंगे₹। बयान में कहा गया है कि भारत सरकार ने मलावी, इथियोपिया, जाम्बिया, मोजाम्बिक, गिनी और लेसोथो जैसे अफ्रीकी देशों सहित कोविशील्ड वैक्सीन की आपूर्ति के लिए कोवैक्स द्वारा अब तक दिए गए सभी आदेशों को मंजूरी दे दी है। बयान के अनुसार, सरकार ने बोत्सवाना को कोवैक्सीन की आपूर्ति को भी मंजूरी दे दी है और द्विपक्षीय रूप से या कोवैक्स के माध्यम से किसी भी नई आवश्यकता पर तेजी से विचार किया जाएगा। भारत ने उन अफ्रीकी देशों को मदद का हाथ बढ़ाया है जो कोरोना के नए ओमिक्रॉन वेरिएंट से जूझ रहे हैं।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.

UPHIN 2001/29506